वर्ष 24, अंक 202, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 31 जनवरी 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

शिमला और मनाली में बर्फबारी

# सफेद चादर से ढ़ाका हिमाचल

## हिमाचल में मौसम ने ली करवट





## शिमला और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में सीजन की बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। शिमला-मनाली में इस साल की पहली बर्फबारी हुई है। बर्फबारी अभी भी जारी है। वहीं, कांगड़ा में बारिश शुरू हो गई है। शिमला में देर रात से ही तेज हवाएं चल रही हैं। चंबा में भी लगातार बारिश का दौर जारी है और कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है। वहीं, वीरवार सुबह बरठीं, हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना, मंडी व कांगड़ा में शीतलहर चली। प्रदेश में 20 प्रमुख स्थानों पर न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से कम रहा। मौसम विभाग ने 23 जनवरी को लाहुल स्पीति, चंबा और कुल्लू जिले में 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने और भारी हिमपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

इन जिलों में ओलावृष्टि और बारिश का येलो अलर्ट

वहीं, मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर व सोलन में आंधी के साथ ओलावृष्टि व वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। 23 जनवरी को शिमला शहर के अलावा मनाली,



कुफरी, नारकंडा व सोलंग वैली में भी हिमपात की संभावना जताई गई है। प्रदेश में वीरवार को कड़ाके की धूप खिली और तेज धूप के बाद शाम के समय शिमला, कांगड़ा सहित कुछ क्षेत्रों में बादल छा गए।

प्रदेश में दिन के तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि आई है। अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक वृद्धि जुब्बड़हट्टी में 3.7 डिग्री सेल्सियस की हुई है, नेरी में 2.9, ताबो में 2.7, हमीरपुर में 2.5 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई।

प्रदेश में सबसे अधिक तापमान नेरी में 25.4 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस का अंतर आया है। 26 और 27 जनवरी को भारी हिमपात व वर्षा की संभावना है। 24 जनवरी को हल्की वर्षा व हिमपात की संभावना है।

मनाली में रात 8 बजे बदला मौसम

पर्यटन नगरी मनाली व लाहुल स्पीति में वीरवार दिनभर धूप खिली रही और रात आठ बजे मौसम बदला। देर रात चोटियों पर हिमपात हुआ। वीरवार सुबह पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में पर्यटन स्थल शिंकुला गए और दिनभर बर्फ में अठखेलियां की।

पर्यटन कारोबारी रिगजिन व पलजोर ने बताया कि वीरवार को 300 से अधिक फोर बाई फोर वाहन दारचा होकर शिंकुला की ओर रवाना हुए। पर्यटकों ने शिंकुला से 10 किलोमीटर पहले बर्फ का आनंद उठाया।

सीबीआई जांच की सिफारिश कर सकती है राजस्थान सरकार

# साध्वी प्रेम बाईसा मौत मामला

**राजस्थान**

**राजस्थान** सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश पर विचार करने की बात कही. राज्य के कानून और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि अगर सीबीआई जांच को लेकर जनता की तरफ से मांग आती है तो सरकार नियमों के मुताबिक उस पर जरूर विचार करेगी. उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक इस मामले में तथ्यात्मक रिपोर्ट सामने नहीं आई है. इस वजह से सरकार ने अभी कोई विचार नहीं किया है

माना यह जा रहा है कि अगर साध्वी की संदिग्ध मौत का मामला तूल पकड़ता है तो राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार सीबीआई जांच की सिफारिश कर सकती है. राज्य सरकार को साध्वी की मौत से जुड़ी प्रारंभिक रिपोर्ट सोमवार को प्राप्त होगी. कहा जा सकता है कि राजस्थान सरकार इस चर्चित मामले में नजर बनाकर रखे हुए हैं.

28 जनवरी को हुई संदिग्ध मौत

संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार (28 जनवरी) को साध्वी की मौत हो गई. जोधपुर के आश्रम में तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया था जहां



डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया. साध्वी के पिता ने दावा किया है कि प्रेम बाईसा को गलत इंजेक्शन दिया गया था.

निधन के बाद सामने आया सोशल मीडिया पोस्ट

साध्वी के निधन के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट हुआ. इस पोस्ट में उनके जीवन का आखिरी दिन होने का जिक्र है और जो आत्महत्या की ओर इशारा करता है. दूसरी तरफ शक की सुई उनके पिता पर भी उठ रहे हैं क्योंकि मौत के बाद साध्वी के पिता ने पहले पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया. इसके बाद आश्रम के बाहर भारी हंगामा हुआ. साध्वी के भक्तों और स्थानीय लोगों ने सच्चाई छुपाने का आरोप लगाया है. उधर साध्वी के अनुयायियों ने इंसाफ की मांग करते हुए उइकजांच की मांग की।

# महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम होंगी सुनेत्रा पवार, कल शाम को होगा शपथग्रहण

**महाराष्ट्र**

**अजित** पवार के निधन के बाद महाराष्ट्र में अब सबसे बड़ा सियासी सवाल ये है कि एनसीपी का क्या होगा? एनसीपी की तरफ से अजित पवार की जगह अगला डिप्टी सीएम कौन होगा? क्या अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार डिप्टी सीएम बनेंगी या फिर दोनों एनसीपी फिर एक साथ आ जाएंगे? इस बीच गुरुवार (30 जनवरी) को एनसीपी के सीनियर नेताओं ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की.



इस मुलाकात के बाद एनसीपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि परिवार को अभी समय देना होगा।

# 24 घंटे में बदला बाजार का मूड!

**नई दिल्ली**

**वायदा** कारोबार में शुक्रवार को चांदी और सोने की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई। बाजार के आंकड़ों से पता चला कि सोने और अन्य धातुओं में भारी बिकवाली का दबाव है, और टउ ,उडटअए सूचकांकों में भी व्यापक कमजोरी झलक रही है। सोने और चांदी की कीमतों में दिनभर में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जिसके बाद उनमें मामूली स्थिरता आई, जो कमोडिटी बाजार में बढ़ी हुई अस्थिरता को दशार्ता है।

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुझानों और अमेरिकी मुद्रा में तेजी के कारण चांदी का वायदा भाव 17 प्रतिशत घटकर 3.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गया, जबकि सोना नौ प्रतिशत गिरकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में, मार्च माह में डिलिवरी वाले चांदी वायदा का भाव 67,891 रुपये, या 16.97 प्रतिशत घटकर 3,32,002 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया, जो एक दिन में इसकी सबसे बड़ी गिरावट है। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत लगभग नौ प्रतिशत बढ़कर 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिसके बाद यह 3,99,893 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इसी तरह, सोने के वायदा भाव में भी गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने जिंस एक्सचेंज में भारी मुनाफावसूली की। इसके फरवरी माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 15,246 रुपये, या नौ प्रतिशत टूटकर 1,54,157 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

# योगी सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव से भिड़े बीजेपी विधायक

## अखिलेश का तंज- भाजपा के डबल इंजन ही नहीं डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के महोबा जिले में शुक्रवार को उस समय राजनीतिक तनाव पैदा हो गया जब विधायक बृजभूषण सिंह ने कथित तौर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को रोककर जिला कलेक्टर कार्यालय ले गए। खबरों के मुताबिक, दोनों नेताओं के सुरक्षाकर्मियों के बीच हाथापाई भी हुई। इस घटना के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महोबा में थे।

कार्यक्रम से निकलते समय, चरखारी से भाजपा विधायक बृजभूषण सिंह ने कथित तौर पर उन्हें रोकने का प्रयास किया और मंत्री से उन गांवों के सरपंचों से मिलने का आग्रह किया जहां जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई है। इस अनुरोध के कारण मंत्री के निजी सहायक और विधायक के बीच तीखी बहस हुई। इस झड़प के बाद, दोनों भाजपा नेता कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े, जिससे स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई। अधिकारियों ने आम जनता के प्रवेश को रोकने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर को बैरिकेड कर दिया है। विधायक बृजभूषण सिंह ने स्वतंत्र देव सिंह से बातचीत के दौरान कहा कि हर घर नल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक महत्वाकांक्षी पहल है और इसे ठीक से लागू किया जाना चाहिए। इसके सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए मैं सभी आवश्यक कदम उठाऊंगा। जनता ने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है और मैं उनके हितों के



लिए संघर्ष करता रहूंगा। नमामि गंगा योजना अधर में लटकी हुई प्रतीत होती है और कई गांवों की सड़कें खुदी हुई हैं, पाइपलाइनों से पानी का रिसाव और भी असुविधा पैदा कर रहा है। हमने मंत्री जी को इन गंभीर मुद्दों से अवगत कराया और तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि मंत्री जी ने इन सभी मुद्दों को सुलझाने के लिए 20 दिन का समय मांगा है और अगर इस मुद्दे को नजरअंदाज किया गया तो हम इसे यूं ही नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मंत्री जी ने मुझसे कहा था कि वे मेरे साथ प्रभावित गांवों का दौरा करेंगे और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेंगे। हालांकि, वे नहीं आए। मैं इस मुद्दे को उठाता रहूंगा क्योंकि यह प्रधानमंत्री मोदी की योजना है।

पूरे मामले पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। अखिलेश ने एक्स पर वीडियो साक्षा करते हुए लिखा कि हमने तो पहले ही कहा था कि भाजपा के ह्यडबल इंजनह्ण ही नहीं डिब्बे भी आपस में टकरा

# औपचारिकता व दिखावे का आरोप, बोले- शिक्षक धरातल पर करें काम : मुख्य अतिथि

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी पर उठे गंभीर सवाल

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** भारतगंज स्थित कनक गेस्ट हाउस में खंड शिक्षा अधिकारी नीलम शाक्यवार माण्डा द्वारा आयोजित ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम विवादों में घिर गया है। इस कार्यक्रम को लेकर ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों में असंतोष और नाराजगी सामने आई है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मांडा प्रतिनिधि एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह ने परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की नामांकन संख्या में भारी गिरावट को देखते हुए कहा कि शिक्षण कार्य शिक्षक धरातल पर करें।

प्रतिभागियों का कहना है कि निपुण भारत मिशन, डीबीटी जागरूकता और कायाकल्प योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजित यह संगोष्ठी केवल औपचारिक भाषणों तक सीमित रही। जमीनी स्तर पर विद्यालयों की समस्याओं, संसाधनों की कमी और प्रशासनिक सहयोग जैसे मुद्दों पर कोई ठोस चर्चा या कार्ययोजना प्रस्तुत नहीं की गई।

सूत्रों के अनुसार, कई प्रधानाध्यापकों ने सवाल उठाया कि जब विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, शिक्षण सामग्री की कमी है और भवनों की स्थिति जर्जर है, तो केवल संगोष्ठी आयोजित कर जिम्मेदारी से बचना कितना उचित है।

ग्राम प्रधानों ने बताया कि कायाकल्प योजना के 19 मानकों की पूर्ति और विद्यालयीय संपत्तियों के संरक्षण में पंचायतों की भूमिका पर तो जोर दिया गया, लेकिन विभागीय स्तर पर आवश्यक सहयोग और संसाधन उपलब्ध कराने को लेकर कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला।

कुछ शिक्षकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम अक्सर केवल रिपोर्टिंग और औपचारिकता तक सीमित रह जाते हैं, जबकि वास्तविक सुधार के लिए आवश्यक निर्णय और क्रियान्वयन दिखाई नहीं देता। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने मांग की कि शिक्षा विभाग केवल संगोष्ठियों तक सीमित न रहकर, विद्यालयों की वास्तविक समस्याओं के समाधान हेतु ठोस और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करे।

इस कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह, हरिप्रसाद पाण्डेय, सुजीत केशरी, मनोज जायसवाल, प्रधान प्रतिनिधि राजमणि द्विवेदी सहित अनेक ग्राम प्रधान और करन सोनकर, अखिलेश, हरि शंकर, जय शंकर द्विवेदी, मनोज पटेल, विजय शंकर, रविन्द्र नाथ, चन्द्र शेखर धीरेन्द्र, होरी लाल, अवधेश शुक्ला व अन्य प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कुन्दन कुमार सिंह ने किया।

## सहसों में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन, आठ टीमें लेंगी भाग

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों में हिमांशु सिंह स्मारक सहसों के तत्वावधान में एक फरवरी (रविवार) से दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रयागराज, प्रतापगढ़, फतेहपुर एवं कौशांबी जनपदों की कुल आठ टीमें प्रतिभाग करेंगी। आयोजक सर्वेश कबड्डी ने बताया कि प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी भाग लेंगे। इनमें नितिन दिवाकर, देवेश मिश्रा, नागेंद्र यादव एवं हिमांशु यादव प्रमुख रूप से शामिल हैं। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन दो फरवरी को होगा। समापन समारोह के अवसर पर विजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। कॉलेज के प्रबंधक अनिरुद्ध सिंह पटेल, अनुराग सिंह अन्नु एवं शशांक शेखर सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्र के ग्रामीण प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

## न्यूज झरोखा

### सेवानिवृत प्रधानाध्यापक पंडित राजमनि दुबे के निधन पर शोकसभा का आयोजन



**जंघई।** पूर्व प्रधानाध्यापक एवं महुवापुर, चंपापुर गांव निवासी रहे पंडित राजमनि दुबे सेवानिवृत प्रधानाध्यापक विगत दिनों रात में फिसलकर नीचे गिर गये थे और सिर में चोट लग जाने के कारण गंभीर रुप से घायल हो गये परिजन प्रयागराज ले गये जहां पर स्थिति नाजुक होने पर डाक्टरों ने बेहतर इलाज हेतु पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया। बेहतर इलाज हुआ परिवार के सदस्यों ने हर संभव प्रयास भी किया परंतु विधि का विधान ईश्वर की मंशा के अनुरुप कोई वश नहीं चला और निधन हो गया। पुत्रों में राकेश दुबे सेवानिवृत एडीओ पंचायत, कमलेश दुबे पूर्व प्रधान, विमलेश दुबे, इंद्रेश दुबे, शैलेंद्र दुबे, सचेंद्र दुबे, हिंद सितारे दुबे, नंदलाल दुबे, विनोद दुबे, कल्लू दुबे, गोली दुबे, नीलेश दुबे, हेमंत दुबे, आशीष दुबे, दुर्गेश दुबे, सर्वेश दुबे, विकास दुबे, विशाल दुबे, दिव्यांश दुबे, ऋषभ, हर्षित, आरव, आराध्य सहित तमाम लोगों ने शोकसभा में श्रद्धांजलि अर्पित किया। पंडित राजमनि दुबे बहुत ही सरल, सामाजिक, मिलनसार, उदार प्रवृति के थे उनके आकस्मिक निधन से परिवार के सदस्य एवं क्षेत्र के लोग शोकाकुल हैं। गांव, क्षेत्र एवं रिश्तेदारों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता ग्राम प्रधान का हुआ स्वागत



**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड के ग्राम सभा दुबाही के ग्राम प्रधान इम्तियाज अहमद को 28 जनवरी को दिल्ली में गांव में उत्कृष्ट कार्य करने तथा मॉडल विकास करने पर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शुक्रवार को मऊआइमा आगमन पर ब्लाक तिराहे पर ग्राम प्रधान इम्तियाज अहमद का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधान मोहम्मद दानिश, प्रधान अमजद, हुजैफा अब्बासी, प्रधान हबीबुरहमान, प्रधान हारिश अहमद, प्रधान सरताज आलम, प्रधान डॉ इरशाद अहमद, प्रधान रिजवान उल हक, प्रधान संतोष पहलवान, मेराज अंसारी आदि ने फूल माला पहनाकर गले लगाए।

# सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी कानून पर रोक लगाने पर योगेश ठाकुर ने बांटी मिठाई

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा लागू किए गए नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद क्षेत्र के सवर्णों में खुशी का माहौल है, इस फैसले को लेकर युवाओं और सामाजिक संगठनों ने संतोष व्यक्त किया है और इसे शिक्षा व्यवस्था के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। आराखुर्द, प्रतापपुर निवासी योगेश ठाकुर ने बुधवार को यूजीसी कानून के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने खून से पत्र लिखा था गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने पर योगेश ठाकुर ने खुशी जताते हुए सवर्ण युवा समाज के सदस्यों के साथ एकत्र होकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और बधाई दी। उपस्थित लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का स्वागत किया। सदस्यों ने कहा कि यूजीसी के नए नियमों ने छात्रों, शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों में असमंजस और चिंता का माहौल पैदा कर दिया था ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सभी के लिए राहत लेकर आया है। सवर्ण युवा समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि न्यायपालिका का यह निर्णय दशार्ता है कि छात्रों के अधिकारों और उनके भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सभी पक्षों की सहमति से ही कोई भी निर्णय लिया जाएगा। सभी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यूजीसी के नए नियम छात्रों, शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए भ्रम और असुरक्षा पैदा कर रहे थे। उन्होंने इस रोक को एक सराहनीय और दूरदर्शी फैसला बताया, जो छात्रों के भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखकर लिया गया है। आशा व्यक्त की कि आगे कोई भी नियम सभी पक्षों से विचार-विमर्श के बाद ही लागू किया जाएगा, ताकि शिक्षा व्यवस्था मजबूत और न्यायसंगत बनी रहे।

# आवास सर्वे में पक्षपात, जरूरतमंदों की अनदेखी ग्रामीणों धन उगाही का लगाया आरोप




**मांडा।** विकास खंड मांडा में चल रहे आवास सर्वे को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि संबंधित विभिन्न ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवकों ने नियमों को ताक पर रखकर केवल चुनिंदा लोगों का ही सर्वे कराया, जबकि वास्तविक गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सूची से बाहर रखा गया।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जिन लोगों को सर्वे में शामिल किया गया है, उनके पास पहले से ही पक्के मकान मौजूद हैं। इसके बावजूद उन्हें पात्र दिखाकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की कोशिश की जा रही है। वहीं दूसरी ओर, कच्चे मकानों में रहने वाले कई गरीब परिवारों का सर्वे तक नहीं किया गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रोजगार सेवक द्वारा सर्वे प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और व्यक्तिगत पसंद-नापसंद के आधार पर लोगों का चयन किया गया। इससे सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं की मूल भावना पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पुनः सर्वे कराकर कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# सनातन हिंदू एकता के संकल्प के साथ सहसों से गुजरी जागरूकता पदयात्रा, पुष्पवर्षा कर हुआ भव्य स्वागत

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** बाबा बागेश्वर धाम के युवा संत पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के सनातन हिंदू एकता के संदेश से प्रेरित होकर सनातन सेवा संस्थान के तत्वावधान में 27 जनवरी से सनातन हिंदू जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा के आयोजक मनेन्द्र सिंह ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की जन-जागरूकता, अवैध धर्मांतरण व जिहाद पर रोक, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना, लव जिहाद पर प्रतिबंध, काशीझमथुरा में भव्य मंदिर निर्माण, नारी शक्ति का सशक्तिकरण तथा पूरे हिंदू समाज को नशामुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि इस पदयात्रा के माध्यम से समाज को जागरूक कर आने वाली पीढ़ी को सामाजिक कुरीतियों से दूर रखते हुए एक स्वस्थ, सशक्त और संगठित राष्ट्र का निर्माण लक्ष्य है। जागरूकता पदयात्रा बाबूगंज बाजार होते हुए थानापुर पहुंची, जहां हरिभान सिंह, रवि सिंह, अखंड प्रताप सिंह, शेखर तिवारी, सत्यम सिंह चंदेल, चंदा सिंह, मुन्ना यादव, रिपु दमन सिंह, विजय सिंह, प्रेमचंद जायसवाल, पप्पू सिंह सहित अन्य लोगों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान सनातन एकता जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। इसी क्रम में पदयात्रा को सहसों पहुंचने पर आदर्श व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के सहसों मंडल अध्यक्ष अमन केसरवानी ब्रिटिश की अगुवाई में पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार सिंह, भाजपा के युवा नेता जयेश केसरवानी, सत्यम केसरवानी, गुड़िया सिंह, निर्दोष सिंह गोलू, वीरू चौधरी, राजवंत सिंह, राजधर द्विवेदी, किशन केसरवानी, मनोज तिवारी, इं. मनोज प्रजापति, उमेश केसरवानी एवं कृष्ण कुमार सोनी सहित अनेक सनातनी लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उपस्थित जनसमूह ने हिंदू एकता जिंदाबाद और जय श्रीराम के जयघोष किए। सहसों वासियों ने पदयात्रा पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। इसके पश्चात पदयात्रा सहसों गोल चौराहा होते हुए प्रयागराज माघ मेला के लिए प्रस्थान कर गई।

## मांडा खुरमा गांव में विवाहिता से मारपीट, सास-ससुर सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मांडा।** थानांतर्गत खुरमा गांव में एक विवाहिता से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता मानसी तिवारी ने अपने सास-ससुर और चार अज्ञात व्यक्तियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने मानसी की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। मानसी तिवारी, जो विनोद मिश्रा की पत्नी हैं, ने पुलिस को बताया कि उनके पति से संबंध विच्छेद हो चुका है। वह अपना सामान लेने खुरमा गांव गई थीं। वहां पहुंचते ही उनके ससुर योगेश मिश्रा, सास और चार अन्य अज्ञात लोगों ने उन्हें गालियां देते हुए पीटना शुरू कर दिया। इस हमले में मानसी को कई जगह चोटें आईं। घायल अवस्था में वह मांडा थाने पहुंचीं, जहां से उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए मांडा सीएचसी भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्यवाही कर रही है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई गई

अखंड भारत संदेश



**करछना।** कांग्रेस जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 78 वीं पुण्यतिथि मनाई। जिसमें निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष शिव विजय सिंह ने महात्मा गांधी जी के पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी पुरे देश भर में सत्य अहिंसा को विशेष बल दिया।आज कुछ विशेष लोग उनकी भावनाओं को आहत करने का प्रयास कर रहे हैं।साथ ही वक्ताओं में जिला कांग्रेस कमेटी यमुनापार के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी जी का योगदान उनके कर्तव्य और कर्मठता को कभी नहीं भूलना चाहिए गांधी जी सदैव भाईचारा कायम करने का एक सार्थक प्रयास किया।इस बीच सभी कांग्रेस जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया।नमन करने वालों में सर्व श्री डाक्टर दिनेश कुमार सोनी, प्रकाशचंद्र पाण्डेय एडवोकेट, नागेश पाण्डेय, सुरेश पटेल,विनय कृष्ण पाण्डेय एडवोकेट,आशीष मिश्र, रविराज सिंह, महेंद्र दुवेदी,रसीद हैदर,राममणि दुवेदी, पी आर भट्टाचार्य, श्याम बाबू भारतीय, संजय सिंह, लालचंद यादव एडवोकेट,सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# राजन महाराज की कथा का निमंत्रण पत्र चनेथू में वितरण

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा का आयोजन 28 मार्च से 5 अप्रैल तक कथा स्थल देवबरा धाम, पिपरी, धनूपुर प्रयागराज में आयोजित किया गया है। जिसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज के कृपापात्र अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करेगें राजन जी महाराज की होने वाली कथा के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। राजन जी महाराज की यह कथा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है, जिसमें वे भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे। तैयारी का स्तर यह दशार्ता है कि आयोजन को सफल बनाने के लिए देवबरा धाम निवासी कथा के संयोजक राधे मोहन पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोगों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को चनेथू मनोरथपुर में सुरेश पांडेय के नेतृत्व में रामकृष्ण तिवारी, हृदय कांत मिश्र, सत्यवान तिवारी, मुकेश तिवारी, अनुज तिवारी, विकास तिवारी, आदर्श पांडेय, सुयश तिवारी, मिठाई लाल मौर्य, कड़े दिन मौर्य आदि को निमंत्रण पत्र दिया गया।

## गुलालपुर के प्रशांत तिवारी ने पहले प्रयास में FMGE परीक्षा की उत्तीर्ण

**सहसों।** गुलालपुर गांव निवासी एवं राजाराम तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुलालपुर के प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी के छोटे पुत्र प्रशांत तिवारी ने उल्यानोवस्क स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी, रूस द्वारा संचालित एमबीबीएस पाठ्यक्रम के उपरांत आयोजित विदेशी मेडिकल स्नातक परीक्षा (FMGE) जनवरी 2026 में अपने पहले ही प्रयास में 201 अंक अर्जित कर सफलता हांसिल की है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष एवं गौरव का माहौल है।



अपनी सफलता पर प्रशांत तिवारी ने इसका श्रेय अपने माता-पिता को देते हुए कहा कि गुरुजनों का मार्गदर्शन, आशीर्वाद तथा भगवान भोलेनाथ की कृपा से यह मुकाम हांसिल हो सका। उनकी इस सफलता की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के लोगों, शुभचिंतकों एवं रिश्तेदारों ने प्रत्यक्ष एवं दूरभाष के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी, राजेश कुमार द्विवेदी, राजेश कुमार मिश्रा, रामदत्त तिवारी, प्रयाग दत्त तिवारी सहित अन्य सगे-संबंधी एवं क्षेत्रवासी शामिल रहे। सभी ने प्रशांत के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# शिव महापुराण कथा में भगवान शिव ने किया अंधकासुर का वध प्रसंग का वर्णन

अखंड भारत संदेश




**झूंसी।** माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर 6, दंडी मार्ग स्थित माँ कालका धर्मार्थ ट्रस्ट में चल रही शिव महापुराण कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति के रस में गोते लगाए। गुरुवार को कथा व्यास मनोहर शरण शास्त्री ने भगवान शिव द्वारा 'अंधकासुर वध' के प्रसंग का सजीव वर्णन किया।

कथा व्यास ने बताया कि अंधकासुर, भगवान शिव के पसीने से जन्मा उनका ही पुत्र था, जिसका पालन-पोषण असुर हिरण्याक्ष ने किया था। ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त अंधकासुर के रक्त की हर बूंद से नए दैत्य उत्पन्न होते थे। इस विकट स्थिति में भगवान शिव ने भैरव रूप धारण किया और देवी की सहायता से उसका अंत कर उसे अपने त्रिशूल पर उठा लिया। अंततः, अहंकार त्यागने पर उसे शिव गणों में स्थान मिला। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष दीदी माँ सुधा भारद्वाज, दिनेश भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। आयोजन के अंत में महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण शिवमय हो गया।

# जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण में कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों के 38 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, स्पष्टीकरण प्राप्त करने व 1 दिन का वेतन रोकने के दिए निर्देश

### सभी अपर जिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट नियमित रूप से पटलों का निरीक्षण करते हुए कार्मिकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराए

**प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी कक्षों में उपस्थिती पंजिका का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के समय अनुपस्थित विभिन्न अनुभाग के 38 पटल सहायकों एवं कर्मचारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने पर एक दिन का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सभी कार्यालयों एवं पटल का भ्रमण कर प्रशासनिक कार्यों, अभिलेखों का रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था और कार्मिकों की कार्यप्रणाली की जांच करते हुए आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी अपर जिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट को नियमित रूप से सभी कक्षों का निरीक्षण कर सभी कार्मिको की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं सभी कक्षों में साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था और पत्रावलियों के रखरखाव को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पत्रावलियों का रख रखाव सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए, ताकि जरूरत पड़ने पर पत्रावलियों को आसानी से निकाला जा सके। जिलाधिकारी ने अभिलेख संधारण की स्थिति का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयी अनुशासन और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपस्थिति पंजिका के औचक निरीक्षण में ईआरके अनुभाग की सुमन श्रीवास्तव, कृति श्रीवास्तव, कविता जैस, आरए अनुभाग के मनोज कुमार सिंह, रेखा श्रीवास्तव, जेआरके अनुभाग के अमित अग्रवाल, जेए अनुभाग के विवेक कुमार यादव, प्रियंका श्रीवास्तव, लक्ष्मीशंकर यादव, मो0 कौनेन अहमद, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अनुभाग के आशीष मेहरोत्रा, रज्मे हसन, जी0सी0 अनुभाग के अब्दुर रहमान, सीआरए अनुभाग के महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मोनिका यादव, प्रतिमा श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नगर अनुभाग के नन्द गोपाल तिवारी, राधारमण चौधरी, अपर जिलाधिकारी नजूल अनुभाग की रंगोली श्रीवास्तव, आफशीन इस्लाम, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनुभाग की रंजना मौर्य, आरआरके अनुभाग के राजेश कुमार वर्मा, लईश अहमद, मंजू श्रीवास्तव, सीमा त्रिपाठी, केशवी देवी, शिवांगी, अपर नगर मजिस्टेज्ट प्रथम अनुभाग के मनोज कुमार शर्मा, अपर नगर मजिस्टेट चतुर्थ अनुभाग के विनोद कुमार द्विवेदी, शिकायत सेल अनुभाग के बृजेश श्रीवास्तव, सुधा, ऋचा श्रीवास्तव, भूलेख अनुभाग के राधेश्याम केसरवानी, शस्त्र अनुभाग के प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व न्यायालय के कमल कुमार यादव, सुजीत कुमार एवं जिलाधिकारी न्यायालय के सुनील कुमार (द्वितीय) के अनुपस्थित पाये गये।

## न्यूज झरोखा

### एसीपी करछना से पत्र के माध्यम से मांग किए, व्यापार मंडल महामंत्री



**नैनी।** नैनी व्यापार मंडल महामंत्री एवं भाजपा रेहड़ी पटरी महानगर संयोजक ने एसीपी करछना से पत्र के माध्यम से मांग किए। जायसवाल ने पत्र के माध्यम से कहा कि नैनी बाजार पुलिस चौकी से दो गांव दुबे तलाव एवं नया पुरवा को हटाकर गंगोत्री नगर पुलिस चौकी में शिफ्ट करने की मांग की। जायसवाल ने कहा दुबे तलाव एवं नया पुरवा जो नैनी बाजार कस्बा पुलिस चौकी में है बाजार कस्बा की पुलिस बराबर इन गांव में नहीं पहुंच पाती है और गश्त भी नहीं लग पाती है। क्योंकि यह दोनों गांव दूर है बाजार कस्बा से और लाइन उस पर भी है। जनता, किसान, व्यापारी, नागरिक को चौकी आने जाने में काफी दिक्कतें आती है। इन दोनों गांव को गंगोत्री नगर पुलिस चौकी जो ओवरब्रिज के नीचे है। उसमें शिफ्ट करने की मांग की। इससे जनता को काफी सहूलियत मिलेगी। मांग करने वालों में नैनी व्यापार मंडल महामंत्री एवं भाजपा महानगर संयोजक घनश्याम जायसवाल , रामबाबू सिंह, सूर्यपकाश गौड़, ज्वाला पटेल, राजेश राय, हीरा देव पटेल, ताज खान, मुन्ना जायसवाल, प्रहलाद सिंह, तमाम लोग शामिल थे।

### उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्यमंत्री प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से सम्मानित



**जंघई।** विश्व के सबसे बड़े समागम महाकुंभ 2025 प्रयागराज का आयोजन विभिन्न आयामों में अद्वितीय रहा जिसके फलस्वरुप उस आयोजन को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। इसी क्रम में अभिनीत द्विवेदी कांस्टेबल जीआरपी थाना प्रयागराज जंक्शन द्वारा उत्कृष्ट रुप से कार्य करते हुए सुरक्षा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान दिया गया। जिसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाकुंभ सेवा मेडल प्रदान किया गया।

### राधे राधे युवा संगठन द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए



**नैनी।** नैनी स्थित राधे राधे युवा संगठन द्वारा प्रयागराज माघ मेला क्षेत्र में ठंड से बचाव हेतु गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस सेवा कार्य का उद्देश्य शीतलहर के प्रकोप से पीड़ित लोगों को राहत प्रदान करना रहा। समाजसेवी सागर श्रीवास्तव ह्यराधे राधेह्ल ने संगठन के अन्य सदस्यों के साथ जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए तथा उनका हाल-चाल भी जाना। संगठन के सदस्यों ने लोगों से संवाद कर उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कंबल वितरण जैसे सेवा कार्य समाज में करुणा, सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं। सर्दी के मौसम में यह कार्य जरूरतमंदों के लिए सुरक्षा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने समाज के सक्षम वर्ग से ऐसे सेवा कार्यों में आगे आने की अपील की ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण कष्ट न झेले। कंबल वितरण कार्यक्रम में संगठन के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सेवा कार्य को सफल बनाया।

# रेप पीड़िता को इंसाफ दिलाने के बजाय पूर्व विवेचक ही करने लगा ब्लैकमेल दरोगा समेत तीन पर एफआईआर

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** न्याय के रक्षक ही जब भक्षक बन जाएं, तो पीड़ित न्याय की गुहार कहाँ लगाए झूंसी थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक दुष्कर्म पीड़िता को केस के पूर्व विवेचक ने ही आरोपी और उसकी पत्नी के साथ मिलकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर के आदेश पर दरोगा समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।कीडगंज निवासी पीड़िता झूंसी स्थित एक पैथोलॉजी में काम करती थी। आरोप है कि पैथोलॉजी संचालक ने उसके साथ कुकर्म किया और बाद में उसे ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता की शिकायत पर 13 सितंबर को मामला दर्ज हुआ और विवेचना उप-निरीक्षक रामनरेश यादव को सौंपी गई। आरोप है कि विवेचना के दौरान ही रामनरेश यादव का तबादला हो गया, लेकिन इसके बावजूद वह लगातार पीड़िता के संपर्क में रहा। पीड़िता का आरोप है कि विवेचक रामनरेश यादव ने मुख्य आरोपी और उसकी पत्नी से सांठगांठ कर ली। इसके बाद तीनों मिलकर पीड़िता को ही झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने लगे। मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से लिखित शिकायत की और न्याय न मिलने पर आत्महत्या की चेतावनी दी। कमिश्नर के हस्तक्षेप के बाद झूंसी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी दरोगा रामनरेश यादव, पैथोलॉजी संचालक विनोद मिश्रा और उसकी पत्नी अमृता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# शहीद दिवस पर सिविल डिफेंस ने सायरन के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की, महात्मा गांधी को किया याद





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शुक्रवार को शहीद दिवस के अवसर पर सिविल डिफेंस प्रयागराज द्वारा विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सायरन ध्वनित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी शहीद दिवस के मौके पर सिविल डिफेंस ने उच्च न्यायालय परिसर, कलेक्ट्रेट परिसर, एमएनआईटी तेलियरगंज, चतुर्थ वाहिनी पीएसी धूमनगंज, रेलवे स्टेशन रामबाग, विद्युत वितरण केंद्र सिविल लाइन और नैनी क्षेत्र में सुबह 10:59 बजे 1 मिनट के लिए सायरन बजाया।सायरन की ध्वनि के बाद उपस्थित जनों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया। इसके बाद, पुनः 11:02 बजे सायरन एक साथ ध्वनित किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और नियंत्रक नागरिक सुरक्षा राकेश कुमार तिवारी ने कलेक्ट्रेट कर्मियों एवं स्वयंसेवकों के साथ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।माननीय उच्च न्यायालय में रजिस्ट्रार (प्रोटोकॉल) आशीष श्रीवास्तव और उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा नीरज मिश्रा के नेतृत्व में सायरन ध्वनित किया गया, जहां न्यायालय के वरिष्ठ अधिकारीगण और विद्वान अधिवक्ताओं ने भी 2 मिनट का मौन धारण किया।

सायरन ध्वनित कराने में चीफ वार्डन अनिल कुमार, महेंद्र सक्सेना, रोहित केसरवानी, मनोज सिंह, एल.के. अहेरवार, आशीष बाजपेई, नागेंद्र सिंह, शैलेंद्र कुशवाहा, नितेश द्विवेदी, श्री कृष्ण तिवारी, राजकुमार गुप्ता, अजय कुमार सिंह और डॉक्टर सुभाष पांडेय समेत अन्य कार्यकताओं ने योगदान दिया।

कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए, वहीं अन्य अधिकारियों ने भी महात्मा गांधी के विचारों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# उमरे मुख्यालय में शहीद दिवस पर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** 30 जनवरी 2026 को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, सूबेदारगंज में शहीद दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभी ने दो मिनट का मौन रखा और राष्ट्र के लिए बलिदान होने वाले वीर शहीदों की याद में अपनी श्रद्धांजलि दी।

रेलवे बोर्ड और गृह मंत्रालय के निदेर्शों के अनुसार, ठीक प्रातः 11:00 बजे सायरन बजते ही मुख्यालय परिसर में सभी कार्य रोक दिए गए और दो मिनट तक मौन धारण किया गया। महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ₹आज का दिन हमें स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों की याद दिलाता है।₹ उन्होंने सभी रेलकर्मियों से राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्यालय के विभिन्न विभागों के प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही शहीद दिवस का आयोजन प्रयागराज, झाँसी और आगरा मंडलों के प्रमुख स्टेशनों और कार्यालयों में भी श्रद्धापूर्वक किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य रेलकर्मियों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना और स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था।

# प्रयागराज नगर निगम में 73.61 लाख रुपये के वाटर टैक्स गबन का खुलासा, कर्मचारी पर FIR दर्ज

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** नगर निगम के वाटर वर्क्स विभाग में एक बड़ा वित्तीय गबन सामने आया है। स्मार्ट सिटी बिल्डिंग स्थित जनसुविधा केंद्र के वाटर टैक्स कलेक्शन काउंटर पर तैनात रहे कर्मचारी सौरभ निषाद पर 73.61 लाख रुपये के गबन का आरोप है। इस मामले में थाना खुल्दाबाद में उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में FIR दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार, सौरभ निषाद, निवासी मोरी दारागंज, को 02 जुलाई 2024 को स्मार्ट सिटी बिल्डिंग के जनसुविधा केंद्र के वाटर टैक्स कलेक्शन काउंटर पर तैनात किया गया था। उसकी जिम्मेदारी उपभोक्ताओं से वाटर टैक्स, सीवर टैक्स और सीवर चार्ज वसूल कर उसे विभाग के बैंक खातों में जमा कराने की थी।विभागीय रिकॉर्ड के मुताबिक, आरोपी ने तैनाती के दौरान कुल 1 करोड़ 38 लाख 3 हजार 954 रुपये वसूले, लेकिन केवल 64 लाख 42 हजार 907 रुपये ही नगर निगम के खाते में जमा कराए। शेष 73 लाख 61 हजार 47 रुपये जमा नहीं किए गए। 878 रसीदों की जांच में यह गबन पुष्टि हुई।

बार-बार नोटिस और आदेश देने के बावजूद जब आरोपी ने जमा चालान नहीं दिखाए, तो उसे 05 जुलाई 2025 को निलंबित कर दिया गया। नगर आयुक्त के निर्देश पर मुख्य नगर लेखा परीक्षक द्वारा कराए गए ऑडिट में भी आरोपी को 73.61 लाख रुपये के गबन का दोषी पाया गया और रकम की वसूली की संस्तुति की गई। वाटर वर्क्स विभाग की तहरीर के बाद पुलिस ने त्र्क्क्रदर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर निगम और विभाग में इस खुलासे के बाद हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि जांच आगे बढ़ने पर और भी अहम खुलासे हो सकते हैं।

# मुट्ठीगंज के गऊ घाट पर हादसा, मिर्गी का दौरा पड़ने से कार 10 फीट नीचे मछली मंडी में गिरी



**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र के गऊ घाट पर शनिवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कार चालक को अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने से वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क से करीब 10 फीट नीचे मछली मंडी में जा गिरा। कार में चालक समेत तीन महिलाएं सवार थीं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से कार में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस के अनुसार कार चालक को अचानक दौरा पड़ने के कारण यह हादसा हुआ। फिलहाल सभी सुरक्षित हैं और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पसना में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए सुनवाई, 40 मतदाताओं ने किए आवेदन



**कोरांव।** कोरांव तहसील के पसना कंपोजिट विद्यालय परिसर में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए सुनवाई आयोजित की गई। बभनपट्टी के बूथ संख्या 161 के कुल 161 मतदाताओं को बीएलओ द्वारा नोटिस वितरित किए गए थे। इनमें से 40 मतदाता अपने दस्तावेजों के साथ उपस्थित हुए और नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया। अपीलीय प्राधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक कोरांव सुनील सिंह के समक्ष उपस्थित मतदाताओं ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए। आवेदन करने वाले मतदाताओं में रामनारायण विश्वकर्मा, शशिकांत पाठक, बृजेश पाठक, भोले पाल, सविता देवी और सरोज देवी शामिल रहे।

मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग द्वारा मांगे गए आवश्यक दस्तावेजों में से उपलब्ध दस्तावेज अधिकारियों को प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने उनकी जानकारी 2026 की मतदाता सूची में ऑनलाइन माध्यम से दर्ज की।

इस दौरान पूर्ति निरीक्षक सुनील सिंह के सहयोग के लिए पर्यवेक्षक संदीप मिश्रा और बीएलओ अमरेश कुमार तिवारी भी मौजूद रहे।

सुनवाई का कार्य पसना कंपोजिट विद्यालय में कल भी जारी रहेगा। अधिकारियों ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपनी नोटिस का जवाब देने और नाम संशोधन या नए नाम जोड़ने के लिए समय पर उपस्थित हों।

# समकालिक संस्कृत गद्यसाहित्य की नवीन प्रवृत्तियां विषय पर हुआ व्याख्यान




**प्रयागराज।** संस्कृत,प ालि, प्राकृत एवं प्राच्यभाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ऋषि व्याख्यानमाला के अन्तर्गत केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के गंगानाथ झा परिसर प्रयागराज में आचार्य के रूप में विद्यमान तथा वेदवेदाङ्गविज्ञानसंकाय के अधिष्ठाता प्रो. बनमाली बिस्वाल का समकालिक संस्कृत गद्यसाहित्य की नवीन प्रवृत्तियां विषय पर व्याख्यान हुआ। आप संस्कृत, उड़िया एवं अंग्रेजी विषय में साहित्य रचना करने वाले श्रेष्ठ विद्वान हैं । आपने बताया कि वर्तमान समय में आधुनिक संस्कृत साहित्य में अनेक काव्य प्रवृत्तियां एवं प्रविधियां विकसित हुई हैं। आधुनिक साहित्य में नवीन शैली, तथ्य,तथा शिल्प दिखाई पड़ते हैं। पद्य साहित्य में दूतकाव्य, विनोद काव्य, एकबिम्बात्मक काव्य, लोकगीत, प्रगतिशील काव्य, हाईकू, तांक़ा, यात्रावृत्त, आत्मकथा, पत्र, पैरोडी, प्रतिकात्मक, गजल, नवगीत, शास्त्र काव्य, आदि काव्यविधाओं की परिभाषायें लिखी गयी हैं इसी प्रकार आधुनिक संस्कृत की श्रीवृद्धि हुए उपन्यास टुप्काव्य ललितकाव्य, पत्रकाव्य, दैननन्दिनी, दोहा , उपन्यास निबंध, एकांकी, छाया नाटक, अनुवाद, पत्रकारिता, समीक्षा, चित्रकलाकथा आदि विधाएं आधुनिक रचना धर्मिता को समृद्ध कर रही हैं। समकालीन काव्यों की विशेषताओं को बताते हुए आपने कहा कि काव्य में प्रतिमान भिन्न होना चाहिए। आधुनिक काव्यशास्त्र भक्तिरसार्णव, सौन्दर्य पंचासिका , साहित्य सन्दर्भ , संस्कृतकवि शिक्षा आदि ग्रंथ सर्वथा नवीन एवं पुरातन दोनों को साथ लेकर भावों की स्थापना करते हुए देखे जाते हैं। आपने अपने द्वारा रचित ग्रंथ काव्यतत्वसमन्विति ग्रंथ के भी अनेक उदाहरणों को स्थापित किया। आपने बताया कि पद्य की अपेक्षा गद्य की लोकप्रियता रही है इसीलिए कहा गया है गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति। अभिनव गुप्त ने खण्डकथा सकलकथा दो भेद किये हैं। आधुनिक संस्कृत में सरलता ,सहजता का प्रयोग सम्मिलित किया जा रहा है। शिल्प लेखकीय व्यवस्था के अनुसार स्थित होकर बदलता भी रहता है आज का साहित्यकार सामाजिक विषयों को ग्रन्थों में सम्मिलित कर रहा है। आपने बताया कि आख्यायिका के समान ही उपन्यास होता है। इसी प्रकार कथा लघुकथा, पुटकथा, टुप्कथा, डायरी, दैनन्दिनी, पत्रकथा,कथा और निबंध के बीच की विधा ललित कथा होती है जिसमें सरसता विद्यमान होती है। चित्रकथा, स्पशकथा, त्रासदकथा, कान्तारकथा आदि नवीन प्रवृत्तियों का विशिष्ट रूप से आपने परिचय प्रदान किया। अध्यक्षीय भाषण देते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. प्रयाग नारायण मिश्र ने कहा कि आधुनिक संस्कृत साहित्य में अनेकों रचनायें हो रही है तथा प्रो.रेवा प्रसाद द्विवेदी, प्रो अभिराज राजेंद्र मिश्र आदि आधुनिक काल के हस्ताक्षर के समान शताब्दी ग्रन्थों की रचना कर रहे हैं। इस कारण से आधुनिक संस्कृत साहित्य अत्यंत समृद्ध है और लगातार वृद्धि को प्राप्त हो रहा है और शोध कार्य भी हो रहे हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में वैदिक मङ्गलाचरण झ रामकुमार पाण्डेय, लौकिक मङ्गलाचरण झ शिवरात्री-चौरसिया, स्वागत गीत- प्राञ्जलि पांडेय, वाचिक स्वागतः झ श्रद्धा मिश्रा.धन्यवाद ज्ञापन झ सूर्यप्रकाश तिवारी. शान्ति पाठ झ रामकुमार पाण्डेय शोधार्थियों ने किया । कार्यक्रम का संचालन शोधच्छात्र दीनबंधु यादव ने किया।

# नाजरेथ हॉस्पिटल ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नाजरेथ हॉस्पिटल परिसर में 77वाँ गणतंत्र दिवस देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हॉस्पिटल कोयर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना गीत से हुआ, जिसके पश्चात सुश्री नाडा, ट्यूटर द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।

इस अवसर के मुख्य अतिथि अनिल कुमार मिश्रा, उप आयुक्त, प्रयागराज का स्वागत नाजरेथ हॉस्पिटल के प्रशासक फादर इसिडोर डीसूजा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। वहीं विशेष अतिथि रत्नेश प्रकाश, अधिवक्ता (आयकर एवं जीएसटी) का अभिनंदन सिस्टर अलवीना बैछ, प्राचार्य, नाजरेथ हॉस्पिटल स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में चिकित्सा पेशेवरों के योगदान की सराहना की और सभी से देश के प्रति अपने कर्तव्यों पर आत्मचिंतन करने का आह्वान किया।

इसके उपरांत नाजरेथ हॉस्पिटल गायन मण्डली द्वारा एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ. अशोक अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक एवं श्रअखिल पटनायक, अतिरिक्त प्रशासक द्वारा अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती ज्योति मैरी, ट्यूटर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का सुगम एवं प्रभावशाली संचालन सुश्री अंजलि सागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन अल्पाहार एवं कर्मचारियों व विद्यार्थियों को पारंपरिक मिठाइयों के वितरण के साथ हुआ।

# गहमागहमी और उत्साहजनक माहौल में पहले दिन वकीलों ने किया मतदान

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश बार काउन्सिल के चैथे चरण में चुनाव में पहले दिन प्रतापगढ़ में मतदान को लेकर वकीलों में भारी उत्साह दिखा। कचेहरी परिसर प्रत्याशियों व समर्थको के शिविरों में मौजूद अधिवक्ता अपने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में माहौल बनाते दिखे। पूरा कचेहरी परिसर वकीलों के चुनाव को लेकर रंगत में चढ़ा दिखा। जिला मुख्यालय पर मतदान को लेकर तेरह बूथ बनाए गए थे। यहां पहले दिन चार हजार से अधिक मतदाताओं में से पन्द्रह सौ अरसठ अधिवक्ताओं ने मतदान किया। निर्वाचन प्रक्रिया की देखरेख अपर जिला जज अजय कुमार वर्मा ने किया। वहीं लालगंज आउट लाईन कोर्ट में कुल तीन सौ पन्चान्वे मतदाताओं में से एक सौ सत्तान्वे अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आउट लाइन कोर्ट कुण्डा में छः सौ तिरासी मतदाताओं में से दो सौ इक्यासी अधिवक्ताओं ने मतदान प्रक्रिया में



भाग लिया। जिला मुख्यालय व आउट लाइन कोर्टो में मतदान प्रक्रिया की जानकारी के लिए हेल्प लाइन भी बनायी गयी। वहीं जिला कचेहरी में गेट नंबर तीन व पांच पर भारी पुलिस बल दिखा। गेट नंबर पांच से वादकारियों का प्रवेश प्रतिबंधित होने के कारण मुकदमों की पैरवी में आये लोगों को भटकते भी देखा गया। लालगंज में चुनाव प्रक्रिया की देखरेख पीठासीन अधिकारी के रूप में अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने किया। यहां दो बूथ बनाये गये थे। कुण्डा दीवानी अदालत परिसर में एसीजेएम आकृति गौतम की देखरेख में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई। पहले दिन के मतदान में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने से देर शाम न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों को राहत में देखा गया। मतदान केन्द्र के समीप कुछ प्रत्याशी एवं अधिकांश प्रत्याशियों के समर्थक अपने अपने समर्थन में क्रम संख्या को लेकर नारेबाजी भी करते रहे। जिला मुख्यालय पर जूनियर बार एसोसिएसन के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, वकील परिषद के अध्यक्ष इंद्रभाल मिश्र, जूनियर बार एसोसिएसन के महामंत्री विवेक त्रिपाठी, बार एसोसिएसन के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह, आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा आदि मतदान प्रक्रिया का परिसर में घूम घूम कर जायजा लेते दिखे। आज शनिवार को भी दूसरे दिन जिला मुख्यालय के साथ पटटी व कुण्डा में बार काउन्सिल आफ उत्तर प्रदेश को लेकर अधिवक्ता मतदान करेंगे। वहीं पहले दिन का चुनाव शाम पांच बजे सम्पन्न होने के बावजूद देर शाम तक कचेहरी अधिवक्ताओं व समर्थकों से गुलजार दिखी। प्रत्याशी व उनके समर्थक भी अपने अपने शिविरो में पहले दिन के मतदान को लेकर अपने पक्ष मे संभावित मतदान को लेकर गुणा भाग में मशक्कत करते दिखे।

# ओवरटेक के दौरान डंफर से टकराई बाइक, युवक की मौत

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** ओवरटेक करते समय डंफर से बाइक टकराने से एक युवकी की मौत हो गई जबकि चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी अखिलेश सिंह का इकलौता पुत्र आदित्य सिंह (19) अपने चचेरे भाई अंश सिंह (17) पुत्र प्रवीण सिंह के साथ बाइक से नारंगपुर बाजार गया हुआ था। शुक्रवार शाम दोनों बाजार से लौट रहे थे।आमापुर मोड़ के आगे नवनिर्मित पट्टी फायर स्टेशन के सामने मिट्टी लदे डंपर को ओवरटेक करने के दौरान बाइक की डंपर से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे में आदित्य सिंह के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि अंश सिंह के हाथ में गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सेठ पन्नालाल खंडेलवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने आदित्य सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अंश सिंह का उपचार अस्पताल में जारी है।घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में नगर व गांव के लोग अस्पताल पहुंच गए। इकलौते पुत्र की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## न्यूज झरोखा

### भक्त के बुलावे पर भगवान को आना ही पड़ता है : आचार्य शरद चंद्र



**बेलखरनाथ धाम।** भक्त के बुलावे पर भगवान को आना ही पड़ता है वह किसी भी रूप में आकर अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। उक्त बातें पट्टी तहसील के शेषपुर अठगवा गांव में मुख्य यजमान वरूण पति शुक्ला व सुशीला शुक्ला द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा वाचक आचार्य शरद चंद्र पांडेय महाराज ने कही। उन्होंने कहा भक्त प्रहलाद के बुलावे पर प्रभु ने नरसिंह अवतार लेकर दुष्ट का विनाश किया और अपने भक्त की रक्षा की। कथा वाचक के कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में एक बार श्रीमद् भागवत कथा अवश्य सुननी चाहिए।भगवान कृष्ण की शरण में रहने पर सारे कष्ट दूर हो जाते हैं और मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है।इस दौरान पारायणकर्ता शिव कुमार ओझा दुर्गा प्रसाद शुक्ला विशंभर नाथ शुक्ला, महेंद्र कुमार शुक्ला ,कृष्ण कुमार शुक्ला, विनय शुक्ला, अंकित, विंध्यवासिनी शुक्ला अरविंद शुक्ला, प्रशांत,सत्यम व शिवम शुक्ला सहित सैकड़ों श्रोता गण मौजूद रहे।

### कस्बे में लगे भीषण जाम में फंसी एम्बुलेंस, पुलिस रही नदारद



**पट्टी।** शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे पट्टी कस्बे में कोतवाली से लेकर चौक तक भीषण जाम की स्थिति बनी रही। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आमजनमानस के साथ-साथ मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस भी काफी देर तक जाम में फंसी रही।जाम के दौरान कहीं भी पुलिसकर्मी या यातायात व्यवस्था संभालने वाला कोई जिम्मेदार नजर नहीं आया। सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण के अभाव में राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि पट्टी कस्बे में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है, लेकिन प्रशासन की ओर से स्थायी समाधान की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। जाम के चलते व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित रहीं और लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कस्बे में यातायात पुलिस की तैनाती, अतिक्रमण पर कार्रवाई और पीक आवर्स में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचा जा सके।

### अवैध कटान पर पुलिस विभाग की सख्ती, सागौन व शीशम की कटाई में दो नामजद



**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के पूरेधना गांव में अवैध रूप से सागौन व शीशम के पेड़ों की कटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए पेड़ मालिक बड़कऊ यादव तथा ठेकेदार नितिन तिवारी के विरुद्ध वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए उप निरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि मौके से शीशम की चार तथा सागवान की चार कीमती बोटें बरामद कर जब्त की गई हैं। बिना अनुमति किए जा रहे इस अवैध कटान को वन संपदा को गंभीर क्षति पहुंचाने वाला कृत्य मानते हुए तत्काल कार्रवाई की गई।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटान में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार के मामलों में किसी को बख्शा नहीं जाएगा और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### जानलेवा हमले में पति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय परिसर में मरणासन्न अवस्था में मिली महिला की घटना को लेकर गिरफ्तार पति को पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया है। वहीं घायल महिला का अस्पताल में इलाज जारी है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई बतायी जा रही है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पूरे मीतन जगन्नाथपुर में गुरूवार की सुबह मरणासन्न अवस्था में एक महिला के पड़े मिलने पर हडकंप मच गया था। पुलिस की छानबीन में महिला की पहचान संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे कुन्दन फतेहशाहपुर, धनगढ़ गांव की बाइस वर्षीया निशा सरोज पुत्री मेवालाल सरोज के रूप में हुई। घायल महिला का गंभीर दशा में स्वरूपरानी मेडिकल कालेज प्रयागराज में इलाज चल रहा है। इधर घटना की छानबीन के दौरान पता चला कि घायल महिला की गुमशुदगी को लेकर बीती अटठाईस जनवरी को पिता द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। साक्ष्यों के संकलन और सीसी टीवी फुटेज तथा फोरेंसिक जांच व घायल महिला के कॉल डिटेल्स के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि घटना में संलिप्त आरोपी घायल महिला का पति है। प्रभारी निरीक्षक संग्रामगढ़ मनोज कुमार तोमर ने क्षेत्र के पुनहरी पुलिया के पास से आरोपी पति शिवा सरोज पुत्र विजय प्रताप सरोज निवासी गोविन्द रसूलपुर नौढ़िया, संग्रामगढ़ को धर दबोचा। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डण्डा भी बरामद कर लिया। सीओ आशुतोष मिश्र ने बताया कि महिला का पति से विवाद था। कई माह से वह मायके में रह रही थी। पति के फोन पर बुलाने से वह उससे मिली। पूछतांछ में आरोपी पति ने बताया कि महिला द्वारा दूसरी शादी करने की बात को लेकर विवाद हुआ। जिससे उसके द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया। गुमशुदगी की धारा को हत्या की धारा में तरमीम कर आरोपी पति को जेल भेज दिया गया।

### सोलर पैनल व कनेक्शन बोर्ड उड़ा ले गए चोर

**कुंडा।** बाघराय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा तिवारी महमदपुर में हर घर जल योजना के तहत निमार्णाधीन पानी की टंकी में लगे सोलर प्लांट से बीते गुरुवार की रात्रि चोरों ने हाथ साफ कर दिया।सोलर प्लांट से चोरों ने चार सोलर पैनल व दो कनेक्शन बोर्ड की चोरी की है।चैकीदार गंगा प्रसाद पांडेय ने बताया कि घटना एक बजे रात्रि के बाद की है। बाघराय पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।तहरीर पाकर बाघराय पुलिस जांच में जुट गई है।

# फाइनल में ट्राफी पर महादेव इलेवन ने जमाया कब्जा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गड़वारा बाजार नगर पंचायत के गड़वारीपुर में चल रहे बादशाह क्रिकेट टूनार्मेंट में गुरुवार को फाइनल मुकाबले में भदौसी टीम को हराकर महादेव इलेवन के खिलाड़ियों ने ट्राफी जीत लिया।

पहला सेमीफाइनल मुकाबला बहुंचरा टीम व भदौसी के बीच खेला गया। जिसमें बहुंचरा 12 ओवरों के 125 रन बना सकी, वहीं भदौसी ने 11 ओवरों में 4 विकेट खोकर फाइनल के जगह बनाई। दूसरा सेमिनल मुकाबला महादेव इलेवन टीम व पूरे खेमन के बीच हुआ। पूरे खेमन ने 12 ओवरों में 7 विकेट खोकर 93 रन बनाया। वहीं महादेव इलेवन में 5 विकेट खोकर 139 रन बनाकर फाइनल में जगह बनाई। शुक्रवार को फाइनल मुकाबला भदौसी टीम और महादेव इलेवन के बीच खेला गया। महादेव इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 8 विकेट




खोकर 156 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी भदौसी टीम के खिलाड़ी 3 विकेट खोकर 112 रनों पर ढेर हो गए। महादेव इलेवन ने ट्राफी पर कब्जा कर लिया। मैन ऑफ द मैच वाकर तो मैन ऑफ द सीरीज करन सिंह रहे। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव ने खिलाड़ियों को ट्राफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आयोजक सभासद प्रतिनिधि इबरार अली से सभी अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर एआरटीओ दिलीप गुप्ता, अकरम अली, सर्वेश सिंह, डब्बू सिंह, मो.वासिफ, मो.तौकीर, नवाब अली, साहब सिंह, अमन सिंह, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने विकास भवन के कार्यालयों के उपस्थिति पंजिका का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने विकास भवन का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली का जायजा लिया। जिलाधिकारी पूर्वान्ह 10:30 बजे से पूर्वान्ह 11:00 बजे तक विभिन्न कार्यालयों की उपस्थिति पंजिकाओं को मंगवाकर सीडीओ कक्ष में गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एक कर्मचारी अनुपस्थित पाया गया, जबकि शेष सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने कार्यालयों की समयबद्धता एवं अनुशासन पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि विकास भवन में कार्यरत समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी शासकीय कार्यों तथा सौंपे गए दायित्वों का भली-भांति निर्वहन कर रहे हैं। फाइलों के निस्तारण, योजनाओं के क्रियान्वयन एवं जनसामान्य से संबंधित मामलों में कार्य की प्रगति



संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दायित्व है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्वान्ह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक नियमित रूप से जनता दर्शन आयोजित कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।इस दौरान शासन के निर्देश के क्रम में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा विकास भवन परिसर में 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

# सीडीओ ने खराब प्रगति वाले ग्राम पंचायत सचिवों के विरूद्ध कार्यवाही के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। बैठक में दिनांक 19 एवं 20 जनवरी 2026 को विकास कार्यक्रम के सन्दर्भ में खण्ड विकास अधिकारियों एवं सचिवों की संयुक्त बैठक की गयी थी जिसमें मुख्यतः फैमिली आई०डी०, गौआश्रय स्थलों में पूलिंग की धनराशि का अन्तरण एवं मनरेगा के अन्तर्गत क्रियाशील श्रमिकों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी० किया जाना सम्मिलित है। विकास खण्ड कुण्डा की समीक्षा में पाया गया कि प्रभुनाथ प्रसाद सचिव द्वारा ई-केवाईसी० में मात्र 22 प्रतिशत व फैमिली आईडी0 में 220 लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 38 की पूर्ति सुनिश्चित की गयी है। सम्बन्धित सचिव को प्रतिकूल प्रवष्टि प्रदान करने के निर्देश दिये गये है। विकास खण्ड बाबागंज की समीक्षा के दौरान पाया गया कि धीरेन्द्र शुक्ला, संजय कुमार जायसवाल व सुनील कुमार सचिव अनुपस्थित रहे तथा इनकी प्रगति भी प्रत्येक बिन्दु पर



अत्यन्त न्यून पायी गयी। तत्क्रम में खण्ड विकास अधिकारी बाबागंज को सम्बन्धित सचिव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार विकास खण्ड बिहार की समीक्षा के दौरान अनुराग यादव सचिव की प्रगति खराब पाये जाने पर इनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिये गये। गौआश्रय स्थलों में पूलिंग की धनराशि के अन्तरण की समीक्षा के दौरान पाया गया कि मनोज कुमार श्रीवास्तव सचिव पट्टी द्वारा रूचि नहीं ली जा रही है। खण्ड विकास अधिकारी पट्टी को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित सचिव का वेतन अग्रिम आदेश तक अवरूद्ध किया जाय। खण्ड विकास अधिकारी गौरा द्वारा अवगत कराया गया कि रणजीत एवं पूनम यादव सचिव विकास खण्ड गौरा द्वारा फैमिली आईडी० बनवायें जाने में रूचि नहीं ली जा रही है। खण्ड विकास अधिकारी गौरा को निर्देशित किया गया कि दोनो सचिवों का वेतन अग्रिम आदेश तक अवरूद्ध किया जाय। बैठक में उपस्थित समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये गये कि नियमित सचिववार समीक्षा करते हुये एक सप्ताह के भीतर योजनान्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करायें अन्यथा प्रगति न करने वाले सचिवों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। अन्त में समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित परियोजना निदेशक डी०आर०डी०ए०, उपायुक्त श्रम रोजगारध्जिला विकास अधिकारी एवं उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देशित किया गया कि नियमित विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करें तथा खराब प्रगति करने वाले सचिवों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध करायें। बैठक में परियोजना निदेशक डी०आर०डी०ए० दयाराम यादव, उपायुक्त श्रम रोजगारध्जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार देव कुमार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं०) एवं विभिन्न योजनाओं में विकास खण्ड के खराब प्रगति करने वाले 05-05 सचिव उपस्थित रहे।

# पुलिस पर अवैध वसूली, मारपीट व धमकी के लगाये आरोप, एसपी से शिकायत

**प्रतापगढ़।** पुलिस पर अवैध वसूली व मारपीट तथा जेल भेज देने की धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए पीड़ित ने एसपी से न्याय व सुरक्षा की गुहार की है। लीलापुर थाना क्षेत्र के शकूहाबाद सगरा सुंदरपुर गांव निवासी अनवर पुत्र वाहिद अली ने एसपी को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बीती चैबीस जनवरी को शाम करीब सात बजे उसके पिता को पुलिस उठाकर सगरा सुंदरपुर पुलिस चैकी ले आयी। यहां गौकशी के फर्जी मुकदमें में फंसा देने का जबरन दबाव बनाया गया। डरा धमका कर अवैध रूप से बीस हजार रुपए वसूल लिये गये। यही नही पुलिस द्वारा पीड़ित व उसके घरवालों को पुलिस चैकी बुलाकर मारापीटा गया और जेल भेज देने की धमकी दी गयी। पीड़ित ने एसपी से न्याय व सुरक्षा की गुहार लगायी है। मामले में सीओ आशुतोष मिश्र का कहना है कि पीड़ित पक्ष को बुलाकर बयान दर्ज कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यावरण और गंगा समिति की बैठक आयोजित वृक्षारोपण अभियान व स्वच्छता पर जोर

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी वृक्षारोपण अभियान-2026 को लेकर व्यापक चर्चा की गई। प्रभागीय निदेशक द्वारा शासन से प्राप्त वृक्षारोपण लक्ष्य एवं तैयारियों की जानकारी दी गई, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे शीघ्र स्थल चयन एवं अग्रिम मृदा कार्य पूर्ण कर उसकी सूचना प्रभागीय कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि वृक्षारोपण अभियान को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से सम्पन्न किया जा सके। इसके अतिरिक्त सिंगल यूज प्लास्टिक के नियंत्रण एवं ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण व अंतिम निस्तारण को



लेकर भी सख्त निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। जिला गंगा समिति की बैठक में गंगा एवं अन्य जल स्त्रोतों की स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया। प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग (रीयूज) के अभिनव प्रयास के तहत नदी, तालाब एवं धार्मिक स्थलों पर जल में तैरते कचरे को रोकने हेतु फ्लोटिंग ट्रैश बैरियर लगाने के प्रथम प्रयास पर चर्चा की गई। इस संबंध में जिला पंचायतीराज अधिकारी एवं संबंधित नगर निकायों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ जल एवं हरित भविष्य के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए अधिकारियों ने जनसहभागिता को भी महत्वपूर्ण बताया। बैठक में प्रभागीय निदेशक आशुतोष गुप्ता (पर्यावरण सदस्य सचिव), डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह सहित समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## दीवार गिरने से छात्र घायल, गंभीर

**प्रतापगढ़।** दीवार क्षतिग्रस्त होने से मलबे में दबकर छात्र घायल हो गया। गंभीर हालत में जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मामला विकासखण्ड सांगीपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय आमीशंकरपुर का है। सरैंया साल्हापुर दर्रा गांव निवासी चंद्रभवन सरोज का पुत्र शशांक सरोज प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र है। वह शुक्रवार को दोपहर भोजन अवकाश के दौरान स्कूल परिसर में लगी नल की टोंटी पर पानी पीने गया था। नल खोलने के दौरान अचानक बगल खड़ी दीवार क्षतिग्रस्त होकर गिर पड़ी। जिससे छात्र घायल हो गया। शिक्षकों ने उसे इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी भेजवाया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल छात्र को रेफर कर दिया। परिवार के सदस्य उसे इलाज के लिए रायबरेली जनपद लेकर चले गये। खण्ड शिक्षा अधिकारी जंगी लाल ने घटना की जानकारी से इंकार किया है। इनका कहना है कि मामले की जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

# बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ की थीम पर जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सिविल जज सीनियर डिवीजनध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी के आदेश एवं निर्देश के क्रम में आज सदर तहसील के सदर विकास खण्ड के ग्रामसभा जहनईपुर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर एक शिविर का आयोजन प्रधानाध्यापिका प्राची पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में पीएलवी गिरीश पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगों से अपील किया कि बेटियों को गर्भ में मारने के बजाय उन्हें संसार मे आने दें, क्योंकि बेटियों से ही संसार व समाज है, अगर बेटियां नही होगी तो वंश नही चलेगा और जब वंश नही चलेगा तो जीवन कैसे चलेगा इस लिए बेटियों को



किसी भी हाल में बचाना होगा। पीएलवी महेन्द्र त्रिपाठी ने लोगो को जागरूकत करते हुए कहा कि अब बेटियां बेटो से किसी मामले में पीछे नही हैं, वो किसी की पत्नी, किसी की बहन, किसी की माँ बनने के साथ साथ हवाई जहाज, ट्रेन तथा गाड़ियां चलाने के साथ बार्डर पर तोपें भी चलाती हैं खेल के क्षेत्र में भी पुरुषों से हमेशा आगे रहती हैं।पीएलवी राजपाल ने तो लिंग निर्धारण का ठीकरा पुरुषों पर फोड़ते हुए बताया कि जो लोग बेटियों के पैदा होने के महिलाओं को जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे नफरत करते हैं, जबकि महिला के गर्भ में पल रहे भूर्ण के लिंग के निर्धारण पुरुषों के गुणसूत्रों के कारण होता उसमे महिलाओं का कोई दोष नही होता। कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करते हुए पीएलवी ममता पाण्डेय ने महिलाओं को अपनी रक्षा करने के टिप्स बताते हुयर बेटियों को पुलिस और कानूनी सहायता के लिए सभी हेल्पलाइन नम्बरों को बताते हुए जरूरत पड़ने पर इन नम्बरों को प्रयोग करने की अपील की। पीएलवी सुरेंद्र सरोज ने बेटियों के साथ भेदभाव न करते हुए उनका सहयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। अंत मे विद्यालय की प्रधानाध्यपिका प्राची पाण्डेय ने जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के सराहना करते हए बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर होने के साथ महिलाओं से बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच रखने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी शिवम मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में प्रधान पति बृजलाल यादव एवं पी एल वी राजपाल, ममता पाण्डेय, सुनील मिश्र, रीनू सरोज, सुषमालाल सरोज, शुभा पाण्डेय, ज्योत्स्ना द्विवेदी, रोशनी, रेनू वर्मा तथा क्षेत्रीय महिलाएं और लोग उपस्थित रहे।

# संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दो युवतियां ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**एक बालिका और एक महिला के आत्महत्या किए जाने के बाद महिला सुरक्षा कानून पर खड़े हो गए हैं तमाम सवाल**



**हररायपुर कौशांबी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो गांव में दो युवतियों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है आत्महत्या किए जाने की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दो युवतियों की मौत के बाद घटनाओं को लेकर इलाके में तमाम चर्चाएं हो रही है अलग-अलग गांव में एक बालिका और एक महिला के आत्महत्या किए जाने के बाद तमाम सवाल खड़े हो गए हैं कि महिला सुरक्षा का कानून कहां चला गया है आखिर एक बालिका और एक महिला को कौन प्रताड़ित कर रहा था जिससे दो लोगों ने आत्महत्या कर लिया है।

पहली घटना संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हर्रायपुर चौकी क्षेत्र के देवरा गांव की सानिया उम्र 18 वर्ष पुत्री हसनैन अहमद ने संधिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है जानकारी पुलिस चौकी को मिली सूचना मिलते ही हर्रायपुर चौकी इंचार्ज विपिन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हालांकि विशेषज्ञों की माने तो दुपट्टा की लंबाई आत्महत्या के लिए छोटी पड़ सकती है जिससे घटना संदिग्ध है

दूसरी घटना पन्नोई गांव में की है पन्नोई गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद की पत्नी ज्योति देवी उम्र लगभग 46 वर्ष ने अपने घर के एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। जब परिजनों ने आवाज दी और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया।अंदर जाने पर देखा कि ज्योति देवी साड़ी के फंदे से लटकी हुई मिलीं पति राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले एक साल से बीमार चल रही थीं जिसका इलाज प्रयागराज के निजी अस्पताल से चल रहा था। इसी बीमारी से परेशान होकर उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया है। मृतका के चार बच्चे हैं, जिनमें दो लड़कियां और दो लड़के शामिल हैं। पुलिस को बिना बुलाए महिला की मौत के बाद दरवाजा तोड़ दिया जाने के मामले में सवाल खड़े हो गए हैं इस संबंध में संदीपनघाट थाना प्रभारी इंद्रदेव ने बताया कि सूचना पर शव को पीएम के लिए भेज कर जांच की जा रही है, परिजनों की तहरीर के आधार पर जो तथ्य सामने आयेगे उसी के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## अन्नपूर्णा डेयरी बैरागीपुर बसुहार से मिश्रित दूध का लिया गया नमूना

**कौशांबी।** जिलाधिकारी के निर्देश अनुसार खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा दूध के संबंध में विशेष अभियान चलाकर छापेमारी की गई। जिसमें बैरागीपुर बसुहार स्थित अन्नपूर्णा डेयरी से मिश्रित दूध का नमूना लिया गया। ही साथ डेयरी की कलेक्शन सेंटर द्वारा भेजे जा रहे मिश्रित दूध का भी नमूना लिया गया। डेयरी में पाई गई कमियों पर संबंधित डेयरी को नोटिस भी भेजी जा रही है। खाद्य सुरक्षा टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितिन कुमार व अरविंद कुमार सिंह शामिल रहे।

## संदीपन घाट थाना प्रभारी हुए सस्पेंड

**हररायपुर कौशाम्बी।** गुरुवार की देर रात एसपी कौशांबी राजेश कुमार ने संदीपन घाट थाना प्रभारी रहे शशिकांत मिश्रा को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर सस्पेंड कर दिया है अब नए थाना प्रभारी के रूप में तेज तर्रार पुलिस इंस्पेक्टर इंद्र देव संदीपन घाट थाना में तैनात होंगे।

# 2.59 करोड़ में बना धोबीघाट तालाब का हाल बेहाल




**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर दो अंबेडकर नगर में सौंदयीकृत धोबीघाट तालाब में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। लगभग 2 करोड़ 59 लाख से अधिक की लागत से धोबी घाट तालाब का सौंदयी करण किया गया था ।2016-17 में योजना के तहत तालाब की घेराबंदी, भव्य प्रवेश द्वार , घाटों की सौंदयीकरण ,तालाब का गहरीकरण ,टहलने के लिए पाथवे, स्लोपिंग क्षेत्र में लेमनग्रास और पौधारोपण कियोस्कर निर्माण, बैठने के लिए बेंच ,50 लाख की लागत से आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था शौचालय गंदे पानी की सफाई के लिए एसपी निर्माण शामिल था उद्देश्य था यह स्थान कस्बा वासियों के लिए स्वच्छ और सेहत के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्य और मनोरंजन का केंद्र बने ।कुछ वर्ष सब कुछ ठीक रहा लेकिन बीते 2 माह पहले स्टार्टर जल गया पीने के लिए पानी और पौधों को सिंचाई के लिए कंडेंसर लगाकर मशीन चालू कर दी गई थी अभी एक माह पहले कंडेंसर भी जल गया तब से पौधों और पार्क में टहलने वालों के लिए पानी की व्यवस्था भी अनुपलब्ध हो गई। शौचालय का दरवाजा टूटा हुआ है शौचालय के अंदर जबरदस्त गंदगी व्याप्त है, हाथ धुलने के लिए लगाया गया वास बेसिन टूट कर बिखरे हुए हैं ।इसकी एक दो बार लोगों ने नगर पंचायत में शिकायत भी की लेकिन मामला जस का तस बना हुआ है। बच्चों और महिलाओं एवं सेहत के फिक्रमंद लोगों के लिए यह सौंदयीकृत घाट अनुपयोगी साबित हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सौंदयीकृत तालाब में मुहल्ले का गंदा पानी आता है जिससे दुर्गंध आती है ।लोगों ने धोबी घाट तालाब की बेहतर देखरेख की मांग की है ।वहीं चेयर मैन शांति देवी कुशवाहा ने कहा मुहल्ले का जो गंदा पानी तालाब में जा रहा है उसे शीघ्र ही बंद कराया जाएगा।

# सप्लाई का गंदा पानी पीने से लोग हो रहे बीमार

**अखंड भारत संदेश**

**नगर पंचायत अझुवा**

**बीते 6 महीने से नगर पंचायत की सप्लाई के दूषित पानी की समस्या से परेशान लोगों ने दर्जनों बार की शिकायत**

**सवाल उठता है कि मीटिंग के अलावा भी जन सामान्य की समस्याओं का समाधान करने की जवाब देही किस अफसर की है**




**अझुवा कौशांबी** नगर पंचायत अझुवा में बीते 6 महीना से सप्लाई का गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है इस बीच दर्जनों बार लोगों ने गंदा पानी बंद कराए जाने की मांग की लेकिन 6 महीने बीत गए गंदा पानी की सप्लाई नहीं बंद हुई है इससे नगर के लोग परेशान हैं और शुक्रवार को नगर के तमाम आक्रोशित लोगों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया और ज्ञापन सौंप कर दूषित पानी की सप्लाई बंद कराए जाने की मांग की है नगर के लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर अधिशासी अधिकारी गंभीर नहीं है। नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 9 के तमाम नगर वासी इंदिरा नगर वार्ड नंबर 9 के सभासद शत्रुघन कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर पंचायत अझुवा कार्यालय पहुंचे और जमकर होहल्ला मचाया दूषित गंदा पानी सप्लाई की शिकायत कर दूषित पानी की सप्लाई बंद करने की नगर के लोगों ने मांग की नगर के लोगों ने बताया कि अझुवा के वार्ड नंबर 9 में रामप्रताप के घर से पुरुषोत्तम यादव के घर तक और पाल बाबा के घर तक बीते 6 महीने से सप्लाई का पानी गंदा आ रहा है जिसे पीने से लोग बीमार हो रहे हैं तमाम लोगों ने नगर पंचायत अझुवा की अधिशासी अधिकारी का घेराव किया और अधिशासी अधिकारी से गंदा पानी आने की शिकायत किया लेकिन नगर के लोगों की समस्या सुनने के लिए अधिशासी अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थी नगर के लोगों का कहना है कि बीते 6 महीने से गंदा पानी सप्लाई में आ रहा है बार-बार शिकायत की जा रही है कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। नगर पंचायत अझुवा के अधिशासी अधिकारी की लापरवाही के चलते लगातार 6 महीने से दूषित पानी पीने के लिए नगर के लोग मजबूर हैं नगर पंचायत अझुवा द्वारा सप्लाई किया जा रहा पानी इतना अधिक खराब हो गया है कि बोतल में भरकर पानी रख दिया जाता है तो उसमें कीड़े जैसे दिखाई पड़ने लगता है लेकिन नगर पंचायत के निवासियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिशासी अधिकारी के पास समय नहीं है वह हमेशा मीटिंग में व्यस्त रहती हैं सवाल उठता है कि मीटिंग के अलावा भी जन सामान्य की समस्याओं का समाधान करने की जवाब देही किस अफसर की है दूषित पानी से पीड़ित भारी संख्या में लोग शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे तो मौके पर अधिशासी अधिकारी से मुलाकात नहीं हुई है मजबूर नगर वासियों ने लेखा लिपिक सकेत श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंप कर पानी के समस्या की समाधान की मांग की है।

# करोड़ों पौधे सूखने के बाद रेंजर और डीएफओ में खिंची तलवार एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी की धरती मे वन विभाग के रोपित दो करोड़ पौधे यदि जीवित होते तो उनकी बाजारू कीमत 50 हजार करोड रुपए होती**

**14 वर्षों में दो करोड़ पौधा रोपण करने में 100 करोड रुपए की रकम सरकारी खजाने से हुई खर्च**

**कौशांबी।** बीते 14 वर्षों के बीच वन विभाग द्वारा कौशांबी में कराए गए 2 करोड़ पौधारोपण में बड़े लंबे खेल हुए हैं आखिर 2 करोड़ 5 रोपण के इस खेल को खेलने वाला मास्टरमाइंड अफसर कौन है यह बड़ी जांच का विषय है अखिलेश यादव की सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2012 से वृहद पौधारोपण का अभियान शुरू कराया गया जो प्रत्येक वर्ष लगातार चलता रहा वर्ष 2025 में योगी सरकार के कार्यकाल तक लगातार बृहद्ध पौधा रोपण का अभियान कौशांबी में बड़े पैमाने पर चला सरकारी खजाना खोलकर पौधा रोपण करने में मजदूरी से लेकर पौधे रोपित करने में रकम खर्च की जाती रही विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो 14 वर्षों के बीच दो करोड़ से अधिक पौधे कौशांबी की धरती में रोपित करने में 100 करोड रुपए से अधिक का सरकारी बजट विभाग ने खर्च कर दिया है लेकिन कौशांबी की धरती में 20 लाख पौधे भी जीवित नहीं है जिससे पूरे विभाग की व्यवस्था पर सवाल खड़ा है करोड़ों पौधे सूख जाने के बाद वन विभाग के अफसरों के बीच खींच तान शुरू हो गई है एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है वन विभाग के अफसर ही अपने विभागीय अफसर पर पौधे सूखने और उनके रोपण करने में बड़ी लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं करोड़ों पौधे सूखने के मामले में रेंजर अपने गुनाहों पर पर्दा डालने के लिए डीएफओ और अन्य विभागीय अफसर को दोषी मानते हैं जबकि डीएफओ पौधा सूखने के पीछे रेंजर को दोषी मानते हैं लेकिन आरोप प्रत्यारोप के बाद अभी तक किसी भी अफ़सर पर कार्यवाही नहीं हुई है करोड़ों पौधे सूखने के पीछे विभागीय भ्रष्टाचार की कहानी उजागर हो रही है पूर्व डीएफओ के कार्यकाल की बात किया जाए तो कौशांबी में 2 करोड़ पौधे जीवित थे और उन्होंने अपने जाने के बाद अपना चार्ज देते वक्त कौशांबी की धरती में दो करोड़ पौधे की जिम्मेदारी नए डीएफओ को दे दी है लेकिन कौशांबी की धरती में इस समय 20 लाख पौधे भी मौजूद नहीं है आखिर देखरेख के अभाव में करोड़ों पौधे सूख गए हैं या फिर पौधे लगाए ही नहीं गए हैं यह तो बड़ी जांच का विषय है लेकिन करोड़ों पौधे रोपित किए जाने के इस के मामले को लेकर वन विभाग के अफसरों के बीच तलवार खींच गई है पौध रोपण में किए गए खेल की चर्चा खुलेआम सड़क पर हो रही है कौशांबी की धरती मे वन विभाग के रोपित दो करोड़ पौधे यदि जीवित होते तो उनकी बाजारू कीमत 50 हजार करोड रुपए होती आखिर 50 हजार करोड़ का नुकसान करने वाले इन अफसरों पर सरकार क्या कार्यवाही करेगी इस बात का उत्तर जनता चाहती है।

# एम.वी. कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में वार्षिक समारोह विरासत थीम के साथ भव्य रूप से संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



**पूरामुफ्ती कौशाम्बी** एम.वी. कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज पूरामुफ्ती में विद्यालय का वार्षिक समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की थीम ह्यविरासतह्ण रही, जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, देशभक्ति एवं सामाजिक जागरूकता पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. मधुपति (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में प्रगति आर्या मैम एवं आकृति आर्या मैम शामिल रहीं। इसके साथ ही एम.वी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सभी प्रधानाचार्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एम.वी. पुरामुफ्ती के प्रधानाचार्य अभिषेक चतुर्वेदी एवं अनुभा शर्मा की विशेष उपस्थिति रही।समारोह में बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सेना पर आधारित एक भावनात्मक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को भावुक कर दिया और कई लोगों की आंखें नम हो गईं। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों (स्किट) के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। विशेष रूप से सोशल मीडिया जागरूकता एवं यातायात नियमों पर आधारित स्किट को दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों ने संदेश दिया कि ह्वहेलमेट पहनकर ही वाहन चलाना चाहिए जिससे अभिभावकों का दिल जीत लिया। यह पहल कार्यक्रम की सबसे सराहनीय प्रस्तुतियों में से एक रही।मुख्य अतिथि डॉ. मधुपति ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में संस्कार, देशप्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। विद्यालय द्वारा ह्यविरासतह्ण जैसी सार्थक थीम पर कार्यक्रम आयोजित करना अत्यंत प्रशंसनीय है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे और बच्चों की प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# दर्जनों सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे को खाली नहीं करा सका तहसील प्रशासन

**अखंड भारत संदेश**

**बांग्लादेश से आकर बसे आतातायईयों के आतंक से कौशांबी के सैकड़ो किसान परेशान, वोट बैंक के लालच मे घटिया क्वालिटी के नेता आतातायईयों का सपोर्ट और संरक्षण करते आ रहे हैं**



**कौशांबी।** भारत देश से बांग्लादेश अलग होने के बाद 1972 में बांग्लादेश के आतातायईयों के एक समूह ने नगर पंचायत अझुवा के अंबेडकर नगर वार्ड नंबर 2 में डूबा कॉलोनी बैदन का डेरा में सरकारी संपत्तियों पर कब्जा कर अपना डेरा जमाया तम्बू झुग्गी झोपड़ी डाल लिया और परिवार सहित रहने लगे धीरे-धीरे इस परिवार के लोगों ने सरकारी आराजी और किसानों की निजी भूमि पर कब्जा करना शुरू कर दिया बताया जाता है धीरे-धीरे इसका परिवार बढ़ा और हजारों की संख्या में इनका परिवार है अत्याचार इस कदर है कि सैकड़ो किसान परिवार परेशान है आराजी संख्या 152 में 600 वर्ग मीटर जमीन इस बाहरी परिवार के लोगों ने कुछ वर्षों पहले खरीदा था उनके पास और कोई भी जमीन उस स्थान पर नहीं है बांग्लादेश से आए आतातायईयों का समूह सरकारी जमीन को अपने बाप की जागीर समझते हैं सरकारी आरजी संख्या 144 नवीन परती सरकारी आराजी संख्या 135 व तालाब की आराजी संख्या 153 में कब्जा करके आतातायईयों ने तमाम मकान बना लिया सरकारी जमीन कब्जा होती रही और तहसीलदार एसडीएम तमाशा देखते रहे। इन आतातायईयों की गतिविधियां भी संदिग्ध है और इलाके में होने वाली तमाम आपराधिक घटनाओं में इन आतातायईयों की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता है अत्याचार इस कदर है कि इनके डेरा में पहुंचने पर पुलिस टीम पर कई बार सामूहिक रूप से यह आतातायी पथराव भी कर चुके हैं हत्या लूट पशु तस्करी जैसे धंधे में भी इस गिरोह के लोग शामिल बताए जाते हैं इन आतातायियो के विरुद्ध हत्या जैसे मुकदमे भी पूर्व में दर्ज हुए हैं थाना पुलिस ने इन पर गुंडा एक्ट गैंगस्टर एक्ट की भी कारर्वाई नहीं की है जिससे थाना चौकी पुलिस की भी बड़ी लापरवाही उजागर हो रही है अब तो इनकी दो-तीन पीढ़िया हो रही है हजारों की आबादी है इनकी गुंडई एवं इनके द्वारा फसलों के नुकसान से सैकड़ों किसान परेशान रहते हैं वोट बैंक के लालच मे घटिया क्वालिटी के नेता इनका सपोर्ट और संरक्षण करते आ रहे हैं। अंधेर तो तब हो गया जब नगर पंचायत अझुवा के अधिकारियों ने इन बाहरी आतातायईयों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर दिया और प्रधानमंत्री आवास की प्रथम किस्त एक-एक लाख रुपए इन बाहरी लोगों के बैंक खाते में भेज दिया जिससे यह बाहरी लोगों ने सरकारी भूमि तालाब की भूमि मुख्य मार्ग और किसानों की निजी भूमि पर कब्जा करके प्रधानमंत्री आवास का निर्माण शुरू कर दिया मामले की शिकायत वायु सेवा के पूर्व सैनिक संजय कुमार अजय कुमार विजय कुमार धनंजय कुमार आदि ने सैनी कोतवाली पुलिस वा अझुवा चौकी पुलिस के अलावा अधिकारियों से इन बाहरी लोगों के आतंक की शिकायत की जिस पर लेखपाल के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान सरकारी भूमि पर कब्जा प्रकाश में आया जिस पर लेखपाल और पुलिस की टीम ने इन बाहरी लोगों के अवैध कब्जे और सरकारी जमीन के अवैध कब्जे पर हो रहे निर्माण पर रोक लगा दिया सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने का लेखपाल ने निर्देश दिया लेकिन लेखपाल के जाने के बाद निर्माण कार्य नहीं रोका गया है और लगातार सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य हो रहा है किसान संजय कुमार अजय कुमार विजय कुमार धनंजय कुमार का कहना है कि उनकी निजी भूमि आराजी संख्या 136 में भी जबरिया यह बाहरी लोग कब्जा कर रहे हैं उनके खेतों की फसल को अपने जानवरों से चरा कर के नष्ट कर रहे हैं जिससे इन बाहरी आतातायईयों के आतंक अत्याचार से सैकड़ो किसान सुगमता से अपनी खेती नहीं कर पाते हैं सवाल उठता है कि बाहरी आतातायईयों को कैसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है यह बड़ी जांच का विषय है दूसरा सवाल यह है कि गरीब बनकर तंबू डेरा जमा कर निवास बनाने के नाम पर आतातायईयों द्वारा सरकारी जमीन और किसानों की निजी भूमि पर कब्जा करने का इन बाहरी आतातायईयों को किस नेता ने साहस दिया है आखिर किसके संरक्षण में यह बाहरी आतातायईयों का गिरोह सरकारी जमीन और किसानों के निजी भूमि पर कब्जा कर आतंक अत्याचार कर रहे हैं जिससे इलाके के सैकड़ो किसान परिवार परेशान है बाहर से आ कर बसने वाले फटीचर से दिखने वाले इन गरीब आतातायईयों के आतंक के विरुद्ध किसान परिवार की सुनवाई सरकारी महकमें में होती नहीं दिख रही है।

## न्यूज झरोखा

### शैक्षिक ज्ञान के लिए विद्यार्थी रवाना हुए नालंदा विश्वविद्यालय, बिहार

**जिलाधिकारी ने एक्सपोजर विजिट बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों की प्रदेश के बाहर 05 दिवसीय एक्सपोजर विजिट नालंदा विश्व विद्यालय, बिहार बस को शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षिक ज्ञान के साथ ही दूसरे राज्यों की विभिन्नताओं-संस्कृति, इतिहास, भाषा, उपलब्धियों आदि से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी देना है। राजकीय स्कूलों के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य परियोजना कार्यालय कौशाम्बी की ओर से विद्यार्थियों के लिए प्रदेश के बाहर एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया है।

### निर्माणाधीन पेयजल आपूर्ति परियोजना का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**कौशांबी** नगर पंचायत पूरब-पश्चिम शरीरा में अमृत-02 के अंतर्गत निर्माणाधीन पेयजल आपूर्ति परियोजना का जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने शुक्रवार को निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। अधिशासी अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि अमृत-02 के अंतर्गत निर्माणाधीन पेयजल आपूर्ति परियोजना में लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। एक ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है व 02 ओवरहेड टैंक निर्माणाधीन है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम (नगरीय) से दूरभाष पर वार्ता कर कहा कि निर्माणाधीन पेयजल आपूर्ति परियोजना के कार्य में तेजी लाकर 30 जून,2026 तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर दिया जाय। पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को मोटरेबल कर दिया जाय ।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को प्रतिदिन नगर पंचायत में साफ-सफाई के कार्यों एवं डोर टू डोर कूड़ा उठान की निगरानी करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए।

### टूर्नामेंट के मैच में चल रहा था अश्लील डांस उड़ रहे थे नोट



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम ग्राम में टूर्नामेंट मैच में अश्लील डांस चल रहा था अश्लील डांस में नोट उड़ रहे थे खुलेआम अश्लील गाना बज रहे थे आखिर किसके परमिशन से नाच का प्रोग्राम लगाया गया था बिना परमिशन के इस तरह का डांस व खेल को डांसबार बिना अनुमति होने से लोगो मे तरह तरह की चर्चाएं हो रही थी लेकिन किसी ने थाना पुलिस को सूचना दे दी मौके पर जैसे ही थाना पुलिस पहुंची चार पहिया गाड़ी से नाचने वाली लड़कियां और डांस बार संचालित करने वाले संचालक मौके से फरार हो गए हैं बताया जाता है कि एक चर्चित सिपाही की निजी अनुमति पर अश्लील डांस का प्रोग्राम कराया जा रहा था।

### देश की प्रेणना है महात्मा गांधी ॥ गौरव पाण्डेय



**कौशांबी** महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर चायल तहसील के नगर पंचायत चरवा में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय ने महात्मा गांधी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं 2 मिनट का मौन रखने के उपरांत कहा कि बापू आधुनिक इतिहास की एक प्रसिद्ध हस्ती हैं। भारत में राष्ट्रपिता के रूप में विख्यात गांधी के जीवन और कार्यो ने विश्व पर गहरा प्रभाव डाला है। वे अहिंसा और सत्य के प्रति समर्पित थे। दलितों के अधिकारों और सामाजिक समानता के लिए संघर्ष किया और अस्पृश्यता (छुआछूत) को खत्म करने की वकालत की! देश गांधी जी के आदशों और उनके विचारों पर चलेगा!

### ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस का डीएम ने किया मासिक निरीक्षण



**कौशांबी** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने शुक्रवार को ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सी.सी.टी.वी. कक्ष का निरीक्षण एवं लॉगबुक का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### स्कूल गई दो छात्राएं रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**टेढ़ीमोड़ कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव की रहने वाली दो बालिकाएं गुरुवार को स्कूल जाने को कहकर घर से निकली थी लेकिन 24 घंटा बीत जाने के बाद अभी तक दोनों बालिकाएं वापस घर नहीं लौटी है बालिकाओं के गायब होने के बाद उनके घर वालों ने काफी खोजबीन की लेकिन बालिकाओं का कहीं पता नहीं चल सका है जिससे परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है मामले की सूचना बालिकाओं के परिवार के लोगों ने चौकी पुलिस को दिया है चौकी पुलिस भी गायब दोनों बालिकाओं को खोजने का प्रयास कर रही है।

### टास्क फोर्स टीम ने अभियान चलाकर 05 प्रतिष्ठानों में 06 बाल श्रमिकों को किया चिन्हित

**कौशांबी** जनपद में बाल किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन के लिए टास्क फोर्स टीम (श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, सदस्य एवं एण्टी हयूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी) द्वारा शुक्रवार को अभियान चलाया गया यह जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी नेहा यादव ने देते हुए बताया कि जनपद के विभिन्न स्थानों से कुल 05 प्रतिष्ठानों में 06 बाल श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया है। नियोजकों के विरूद्ध बाल/किशोर श्रम अधिनियम के अन्तर्गत निरीक्षण टिप्पणी जारी की गयी है। चिन्हित बाल श्रमिकों के शैक्षिक एवं आर्थिक पुनर्वासन के साथ-साथ नियोजकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अपनायी जायेगी।

## सम्पादकीय

### साम्प्रदायिकता की आंच में तपती देवभूमि

**हमारा** देश जब लोकतंत्र की स्थापना के 78वें वर्ष की ओर कदम बढ़ा रहा था, तब देवभूमि कहे जाने वाले उसके ही एक प्रान्त में एक सदी से भी ज्यादा पुरानी विरासत पर भद्दी गालियों, जय श्रीराम और बजरंग बली की जय जैसे आक्रामक नारों के साथ हथौड़े और सब्बल चलाये जा रहे थे, वहां रखे धार्मिक ग्रंथों को नुकसान पहुंचाया जा रहा था और धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की जा रही थी। दरअसल, मसूरी के एक मिशनरी स्कूल की निजी जमीन पर स्थित बाबा बुल्ले शाह की मजार बहुसंख्यक गुंडागर्दी की बलि चढ़ गई। उसके साथ मौजूद दो अन्य मजारों को भी तोड़ दिया गया, वहीं दानपेटी को तोड़कर नकदी निकाल ली गई। भाईचारे और सौहार्द्र का प्रतीक रही बुल्ले शाह की मजार के परिसर में रविवार की शाम मुट्ठी भर हिन्दूवादी जूते पहनकर घुस गये और अपने घटिया इरादों को अंजाम दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। मसूरी पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित 25-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बीच हिन्दू रक्षा दल के अध्यक्ष भूपेंद्र उर्फ पिंकी चौधरी ने अपने संगठन के कार्यकताओं द्वारा इस तोडफोड़ की जिम्मेदारी ली है। पुलिस कब और कैसे इस दावे का संज्ञान लेती है, देखना होगा। हालांकि इस पूरे प्रकरण में राहत की बात ये रही कि पुलिस में शिकायत करने जाने वालों में केवल मुस्लिम संगठन ही नहीं, दूसरे समुदायों के लोग भी शामिल थे।

बाबा बुल्ले शाह- जिन्हें बुल्लेया कहकर भी संबोधित किया जाता है, एक क्रांतिकारी दार्शनिक, समाज सुधारक और कवि थे, जिन्हें पंजाबी भाषा के महानतम कवियों में से एक माना जाता है और जिनका सम्मान 'पंजाबी ज्ञानोदय के जनक' के रूप में है। उनका असल नाम सैयद अब्दुल्लाह शाह कादरी था और उन्हें हज?त मुहम्मद साहब की पुत्री फातिमा का वंशज माना जाता है। उनके पिता शाह मुहम्मद थे जिन्हें अरबी, फारसी और कुरान शरीफ का अच्छा ज्ञान था। पिता के नेक जीवन का प्रभाव बुल्ले शाह पर भी पड़ा और शायद इसीलिए 'सैयद' यानी ऊंची जाति से होते हुए भी उन्होंने निचली जाति 'आराइन' के शाह इनायत को अपना गुरु बनाया। हिन्दी और पंजाबी में अनगिनत गीत बुल्ले शाह की रचनाओं पर आधारित हैं या उनमें बुल्ले शाह का हवाला है। 1970 के दशक में नरेंद्र चंचल का गाया गीत- 'बेशक मंदिर-मस्जिद तोड़ो, बुल्ले शाह ये कहता / पर प्यार भरा दिल कभी न तोड़ो, जिस दिल में दिलबर रहता' हरेक किशोर और युवा की जबान पर हुआ करता था। लगभग दो दशक पहले मशहूर पंजाबी गायक रब्बी शेरगिल ने 'बुल्ला की जाणा मैं कौन' गाकर तारीफें हासिल की तो करीब एक दशक पहले रणबीर कपूर पर फिल्माया गया 'यार बुल्लेया' गीत भी काफी लोकप्रिय हुआ। 'दमादम मस्त कलंदर' तो बाबा बुल्ले शाह की सदाबहार रचना है ही। लेकिन धर्म का इकहरा और बेसुरा राग अलापने वाले जाहिल क्या जानें कि कविता क्या होती है और उसे संगीत में पिरोना क्या होता है, बुल्ले शाह की रचनाओं और उनके दर्शन को समझना तो बहुत दूर की बात है।

# दुनिया जल के वैश्विक दिवालियापन की ओर बढ़ रही है

-ललित गर्ग-

**जल** है तो जीवन है-यह पंक्ति कोई नारा भर नहीं, बल्कि मानव सभ्यता का शाश्वत सत्य है। बिना जल के जीवन की कल्पना भी संभव नहीं। किंतु विडंबना यह है कि जिस जल को हम जीवन का आधार मानते हैं, वही आज सबसे अधिक संकटग्रस्त संसाधन बन चुका है। देश-दुनिया में जल संकट के हालात विकराल हो चुके हैं और यह संकट अब केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार और मूल्यहीन शासन का भी परिणाम बनता जा रहा है। विश्व स्तर पर लगभग 25 देश अत्यधिक जल तनाव से जूझ रहे हैं। चार अरब से अधिक लोग वर्ष में कम से कम एक माह पानी की गंभीर कमी का सामना करते हैं। मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्र इस संकट की अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। यहां 60 करोड़ से अधिक लोग उच्च जल तनाव वाले क्षेत्रों में रहते हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं, जबकि चेन्नई, बेंगलूरु और दिल्ली जैसे महानगरों में पानी की कमी रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है।

दरअसल, जल संकट अब ह्वाटर स्ट्रेसह्ल से आगे बढ़कर ह्ग्लोबल वाटर बैंक्रप्सीह्ल यानी दुनिया जल के वैश्विक दिवालियेपन की ओर बढ़ रही है। स्थिति यह है कि जल स्रोतों का दोहन इतनी तीव्रता से हो रहा है कि उनकी प्राकृतिक भरपाई असंभव होती जा रही है। भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं। यह संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संकट भी है। जल संकट का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। कृषि, उद्योग और ऊर्जा-तीनों ही क्षेत्र पानी पर निर्भर हैं। जब खेतों को पानी नहीं मिलता, उद्योग ठप होते हैं और बिजली उत्पादन प्रभावित होता है, तो देश की जीडीपी में 6 प्रतिशत तक की कमी का खतरा उत्पन्न हो जाता है। आमजन के लिए यह संकट जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन जाता है। जहां पानी पर्याप्त है, वहां बबार्दी हो रही है और जहां पानी की सबसे अधिक आवश्यकता है, वहां लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं।

भारत सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता का विषय बनाया है। जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसे कार्यक्रम इसी दिशा में ऐतिहासिक पहल हैं। जल जीवन मिशन का लक्ष्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, ताकि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सके। अटल भूजल योजना भूजल के सतत प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ह्हर खेत को पानीह्ल के संकल्प को साकार करने का प्रयास है। इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। इन योजनाओं ने निश्चित रूप से जल संरक्षण के प्रति राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत किया है। कई क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनी हैं, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा मिला है और भूजल पुनर्भरण के प्रयास हुए हैं। लेकिन इस सकारात्मक तस्वीर के पीछे एक कड़वी सच्चाई भी छिपी है- प्रशासनिक भ्रष्टाचार। यही वह दीमक है जो इन योजनाओं की उपयोगिता और प्रासंगिकता को नष्ट कर रही है, उन्हें मूल्यहीन बना रही है।

जल संकट से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार कई रूपों में दिखाई देता है-घटिया निर्माण, फर्जी आंकड़े, अधूरी परियोजनाएं, कमीशनखोरी और जवाबदेही का अभाव।



कहीं कागजों में ही वर्षा जल संचयन संरचनाएं बन जाती हैं, तो कहीं पाइपलाइन बिछाने में घटिया सामग्री का उपयोग होता है। कई स्थानों पर योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच ही नहीं पाता। परिणाम यह होता है कि करोड़ों रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन न पानी मिलता है और न संकट कम होता है। भ्रष्टाचार केवल धन की बबार्दी नहीं करता, वह भविष्य की पीढ़ियों का अधिकार भी छीन लेता है। इन जटिल होती जल संकट स्थितियों के प्रति नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को बूंद-बूंद के लिये तरसना पडेगा। जल जैसे जीवनदायी संसाधन के साथ किया गया भ्रष्टाचार वास्तव में मानवता के साथ अपराध है। जब जल संरक्षण की योजनाएं कागजों में सिमट जाती हैं, तब जल संकट और भी गहरा हो जाता है। यही कारण है कि आज योजनाएं तो हैं, नीतियां भी हैं, लेकिन परिणाम अपेक्षित नहीं हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन, अतिदोहन, अनियंत्रित शहरीकरण और खराब प्रबंधन इस संकट को और बढ़ा रहे हैं। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को रोका गया, तालाब पाट दिए गए और जंगलों का विनाश किया गया। परिणामस्वरूप वर्षा का पैटर्न बदल गया और जल स्रोत सूखते चले गए। यह स्पष्ट है कि केवल सरकारी योजनाओं से ही समाधान संभव नहीं, जब तक समाज स्वयं जिम्मेदारी न ले।

दुनिया के अन्य देशों से हमें बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। इजराइल में ड्रिप इरिगेशन और डिसेलिनेशन तकनीक से 90 प्रतिशत तक पानी का पुनर्चक्रण किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में वाटर ट्रेडिंग के माध्यम से जल संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया गया है। अमेरिका में अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग और यूरोप में स्मार्ट वाटर मैनेजमेंट सिस्टम जल संकट से निपटने के प्रभावी उपाय बने हैं। भारत में भी राजस्थान जैसे राज्यों में जोहड़, खादिन और बावड़ियों जैसे पारंपरिक जल संरचनाएं आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। समाधान का रास्ता स्पष्ट है-कठोर नीतियां, पारदर्शी प्रशासन और जनभागीदारी। जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार के प्रति ह्जीरो टॉलरेंसह्ल नीति अपनानी होगी। तकनीक का उपयोग कर निगरानी और सामाजिक ऑडिट को अनिवार्य बनाना होगा। आमजन को भी जागरूक होना पड़ेगा कि वर्षा जल संचयन, जल की बचत, ड्रिप सिंचाई और अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता हैं।

भारत में विश्व की कुल आबादी का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है, जबकि देश में पीने योग्य जल संसाधनों का मात्र 4 प्रतिशत भाग ही उपलब्ध है। देश में अत्यधिक जल दोहन तथा अकुशल प्रबंधन के कारण भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है। इसके परिणामस्वरूप आने वाले समय में देश को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। नीति आयोग के अनुसार, वर्तमान में स्वच्छ जल की अपर्याप्त पहुँच के कारण लगभग 60 करोड़ भारतीय गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं तथा इसके कारण प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख लोगों की मृत्यु होती है। वर्ष 2030 तक देश में जल की मांग, आपूर्ति की दोगुनी होने की संभावना है। इससे देश में करोड़ों लोगों को जल के गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा तथा देश के सकल घरेलु उत्पाद में 6 प्रतिशत की हानि होने की संभावना है। आज समय बहुत कम है। यदि अभी भी हम नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। जल का संकट केवल वर्तमान का नहीं, भविष्य का प्रश्न है। जल है तो जीवन है-इस सत्य को हमें व्यवहार में उतारना होगा। भ्रष्टाचार मुक्त जल प्रबंधन, जिम्मेदार प्रशासन और जागरूक नागरिक ही हमें इस ह्जल-संकटह्ल से बचा सकते हैं। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब इतिहास गवाह बनेगा कि मानव ने अपने ही हाथों से जीवन के स्रोत को नष्ट कर दिया। भू-जल प्रबंधन, कुशल सिंचाई प्रबंधन एवं वर्षा जल संचयन उपायों को अपनाकर भविष्य के जल संकट को कम किया जा सकता है।

प्रेषकः

## स्वच्छ वसंत उत्सव के तहत स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम, बच्चों ने ली स्वच्छता की शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। नगर** पालिका परिषद मुहम्मदाबाद की ओर से स्वच्छ वसंत उत्सव के तहत पब्लिक नेशनल स्कूल नवापुरा में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविंद्र मोहन ने किया।




इस दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने रंगों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक जिम्मेदारियों का संदेश दिया। रंगोली में स्वच्छ शहर और स्वस्थ भविष्य की झलक देखने को मिली, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कूड़ा पृथककरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। गीले और सूखे कचरे को अलग रखने, कचरे के सही निस्तारण और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान बताए गए और इसके प्रयोग से बचने की अपील की गई।

इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने अपने आसपास साफ-सफाई रखने, प्लास्टिक का उपयोग न करने और समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में श्याम बाबू सैनी, स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर संतोष यादव, जियो स्टेट से अमरेन्द्र सिंह सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन को बच्चों में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया गया।

## हाटा पुल पर आमने-सामने भिड़े डीसीएम और ट्रेलर, चालक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। कोतवाली** मुहम्मदाबाद क्षेत्र के हाटा पुल पर शुक्रवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। बलिया की ओर जा रहे गिट्टी लदे ट्रेलर और सामने से आ रही डीसीएम की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि डीसीएम का चालक और खलासी मौके से फरार हो गए।

हादसा रात करीब 2:30 बजे का बताया जा रहा है। ट्रेलर मोहम्मदाबाद से बलिया की तरफ



जा रहा था, जबकि डीसीएम बलिया से मोहम्मदाबाद की ओर आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डीसीएम चालक को नींद की झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर गलत लेन में चला गया और सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गया।

टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद डीसीएम में सवार चालक और सहायक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए।

## ईवीएम गोदाम का डीएम ने किया मासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर जताया संतोष



**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जिलाधिकारी** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कुमार ने सोमवार को जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम गोदाम का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती तथा स्ट्रांग रूम से जुड़े अन्य सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और अधिकारियों को सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार, एआर को-ऑपरेटिव विपिन कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ईवीएम की सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गाजीपुर में 362 ईंट भट्ठों पर अवैध आईटीसी क्लेम का मामला उजागर, टैक्स विभाग ने तेज की जांच



**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद में** ईंट भट्ठों द्वारा अवैध रूप से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) क्लेम किए जाने का बड़ा मामला सामने आया है। राज्य कर विभाग ने 362 ईंट भट्ठों के खिलाफ जांच शुरू करते हुए गलत तरीके से लिए गए आईटीसी को रिवर्स कराने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

राज्य कर कार्यालय, प्रकाश नगर गाजीपुर में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम के तहत ईंट भट्ठा स्वामियों के साथ एक अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अपर आयुक्त राज्य कर ग्रेड-1, वाराणसी जोन प्रथम ने की। इसमें निर्णय लिया गया कि वार्षिक कर देयता के आधार पर भट्ठों का सर्वे कराया जाएगा। ?2 लाख से कम वार्षिक कर देने वाले भट्ठों का प्रतिमाह, ?2 से 5 लाख तक कर देने वालों का दो माह में एक बार और ?5 लाख से अधिक कर देने वाले भट्ठों का रैंडम सर्वे किया जाएगा।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार जनपद गाजीपुर में कुल 383 ईंट भट्ठे पंजीकृत हैं। इनमें से 362 भट्ठे समाधान योजना (कम्पोजिशन स्कीम) के अंतर्गत आते हैं, जिन पर वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के लिए 6 प्रतिशत (रत्रळ 3% व उत्रळ 3%) की दर से कर देय है। समाधान योजना के अंतर्गत आईटीसी का लाभ नियमानुसार अनुमन्य नहीं है, इसके बावजूद इन भट्ठों द्वारा अवैध रूप से आईटीसी का समायोजन करते हुए रिटर्न दाखिल किया गया।

राज्य कर विभाग ने ऐसे कुल 394 रिटर्नों की पहचान की है, जिनमें अवैध रूप से आईटीसी क्लेम किया गया था।

अब इन सभी मामलों में आईटीसी रिवर्स कर टैक्स देयता निर्धारित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

बैठक में संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्य कर, सम्भाग-5 वाराणसी सुरेन्द्र बहादुर, उपायुक्त जयसेन, सर्वेश कुमार सिंह, विवेक मिश्रा सहित सहायक आयुक्त प्रभात कुमार सिंह, डॉ. सतीश कुमार सिंह, राजेश ओझा मौजूद रहे।

वहीं ईंट निमार्ता समिति के महामंत्री लल्लन सिंह, भट्ठा स्वामी संजय सिंह, पवन कुमार, आशुतोष राय समेत अन्य भट्ठा संचालक भी बैठक में शामिल हुए।राज्य कर विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले भट्ठा संचालकों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी।

## विपक्ष शासित राज्यों में सरकारों के खिलाफ राज्यपालों का युद्ध

**अनिल जैन**

**राज्य** सरकारों और राज्यपालों के बीच टकराव पहले भी होते रहे हैं लेकिन अभिभाषण नहीं पढ़ने या आधा-अधूरा पढ़ने की यह परिपाटी बिल्कुल नई है। विधानसभा से पारित विधेयकों को रोके जाने की परंपरा भी पिछले 10-12 साल में ही विकसित हुई है। उससे पहले परंपरा यही रही कि राज्यपाल प्रदेश सरकार की ओर से तैयार किए गए अभिभाषण को शब्दशः पढ़ेंगे, संसद के संयुक्त अधिवेशन राष्ट्रपति केंद्र सरकार के तैयार किए गए भाषण को पढ़ते हैं। देश में पिछले कुछ सालों के दौरान तमाम संवैधानिक पदों में सबसे ज्यादा बदनाम अगर कोई हुआ है तो वह है राज्यपाल का ओहदा। वैसे यही सबसे ज्यादा बेमतलब का पद भी है। इसीलिए भारी-भरकम खर्च वाले इस संवैधानिक पद को लंबे समय से सफेद हाथी माना जाता रहा है और इसकी उपयोगिता तथा प्रासंगिकता पर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। सवाल उठाने का मौका और कोई नहीं बल्कि कई राज्यपाल खुद ही अपनी ऊटपटांग हरकतों से उपलब्ध कराते हैं। ऐसे राज्यपाल उन राज्यों के होते हैं, जहां केंद्र में सत्तारूढ़ दल के विरोधी दल की सरकारें होती हैं।

राज्यपाल का चयन और नियुक्ति केंद्र सरकार करती है। राज्यपाल के पद पर नियुक्ति पाने वालों में ज्यादातर वे लोग होते हैं, जो केंद्र में सत्ताधारी दल से जुड़े होते हैं। सत्ताधारी दल का नेतृत्व जिन लोगों को थका-हारा, बीमार, असंतुष्ट, नाकारा या अनुपयोगी मान लेता है, उन्हें वह किसी न किसी प्रदेश का राज्यपाल बना देता है। इसलिए ऐसे लोग राजभवनों में जाकर अपने सूबे की विपक्ष शासित सरकार को परेशान या अस्थिर करना अपनी अहम जिम्मेदारी समझते हैं। मानो ऐसा करना उनकी 'नौकरी की अनिवार्य सेवा शर्तों' में शामिल हो। पंचतंत्र में चालाक बंदर और मूर्ख मगरमच्छ की एक कहानी है, जिसमें बंदर अपना कलेजा खाने को आतुर मगरमच्छ से अपनी जान बचाने के लिए कहता है कि 'मैं तो अपना कलेजा नदी किनारे जामुन के पेड़ पर संभालकर रखता हूं और वहां से लाकर ही तुम्हारी इच्छा पूरी कर सकता हूं।' हमारे तमाम राज्यपालों का हाल भी पंचतंत्र की कहानी के बंदर जैसा ही है। फर्क इतना ही है कि वह बंदर तो जान बचाने के लिए अपना कलेजा पेड़ पर रखे होने का बहाना बनाता है, लेकिन हमारे राज्यपाल सचमुच अपना विवेक दिल्ली में रखकर राज्यों के राजभवनों में रहते हैं। दिल्ली में उनके विवेक का इस्तेमाल वे लोग करते हैं जो व्यावहारिक तौर पर उनके 'नियोक्ता' होते हैं।

हमारे राज्यपालों की यह कहानी कोई आज-कल की नहीं, बल्कि बहुत पुरानी है, जिसे आए दिन कोई न कोई राज्यपाल देश को याद दिलाता रहता है। विपक्ष शासित राज्य सरकारों को राज्यपालों द्वारा परेशान या अस्थिर करने की हरकतें कांग्रेस के जमाने भी होती थीं, लेकिन कभी-कभार ही। मगर पिछले कुछ सालों से ऐसा होना सामान्य बात हो गई है।

इस सिलसिले में महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, उत्तराखंड, आदि राज्यों में तो जब वहां भाजपा-विरोधी दलों की सरकारें थीं तब वहां के राज्यपालों ने एक तरह से युद्ध ही छेड़ रखा था। यही सिलसिला पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पंजाब, झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर आदि राज्यों में भी लंबे समय से चल रहा है। इन राज्यों के राज्यपाल नेता प्रतिपक्ष की भूमिका धारण किए हुए हैं और राजभवन भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय के रूप में तब्दील हो गए हैं।

इस समय तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत खास तौर पर चर्चा में हैं। तीनों के चर्चा में रहने की वजह समान है। तमिलनाडु का नाम बदलने तक का प्रयास कर चुके राज्यपाल आरएन रवि वहां की विधानसभा की कार्यवाही का नियम बदलना चाहते हैं। तमिलनाडु विधानसभा के सत्र की कार्यवाही परंपरागत रूप से तमिलनाडु के प्रदेश गान से शुरू होती है और समापन राष्ट्रगान से होता है। पिछले चार साल से साल के पहले सत्र में राज्यपाल अभिभाषण नहीं पढ़ रहे हैं, क्योंकि वे चाहते हैं कि सत्र की शुरूआत राष्ट्रगान से हो। इस साल भी इसी वजह से वे अभिभाषण पढ़े बगैर वापस चले गए। अभिभाषण नहीं पढ़ने का एक कारण यह भी है कि तमिलनाडु सरकार के तैयार किए गए अभिभाषण में कई मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की गई थी।

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने भी यही किया। उन्होंने विधानमंडल के इस साल के पहले सत्र की साझा कार्यवाही में अभिभाषण पढ़ने से इनकार कर दिया। राज्य के कानून और संसदीय कार्य मंत्री थीरु दुरईमुरुगन के मुताबिक राज्यपाल को अभिभाषण के कई हिस्सों को लेकर आपत्ति थी और वे चाहते थे कि उन हिस्सों को हटा दिया जाए, लेकिन सरकार ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। उधर केरल में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भी लगभग ऐसा ही किया है। उन्होंने अभिभाषण तो पढ़ा लेकिन उसके उन हिस्सों को छोड़ दिया जिनमें केंद्र सरकार पर संघवाद के संवैधानिक सिद्धांत के विपरीत काम करने और राज्य को आर्थिक स्तर पर परेशान करने का ड्रिक्र था। उन्होंने अभिभाषण के उस हिस्से को भी नहीं पढ़ा जिसमें राज्य विधानसभा में पारित विधेयकों को बेवजह रोके जाने पर अफसोस जताया गया था। अधूरा भाषण पढ़कर राज्यपाल के चले जाने के बाद सरकार की ओर से राज्यपाल द्वारा अभिभाषण के छोड़े गए हिस्सों को पढ़ा और उसे कार्यवाही में शामिल किया गया। गौरतलब है कि केरल में विधेयक रोके जाने को लेकर कई बार टकराव के हालात पैदा हुए हैं। इस सिलसिले में राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। पिछले राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी विधानसभा में पारित कई विधेयकों को महीनों तक बिना किसी उचित कारण के रोके रखा था। केरल सरकार का कहना है कि विधेयकों को लंबे समय तक रोके जाने से जन कल्याण के काम प्रभावित होते हैं।

राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच टकराव पहले भी होते रहे हैं लेकिन अभिभाषण नहीं पढ़ने या आधा-अधूरा पढ़ने की यह परिपाटी बिल्कुल नई है। विधानसभा से पारित विधेयकों को रोके जाने की परंपरा भी पिछले 10-12 साल में ही विकसित हुई है।

# पुराने बस स्टैंड पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना, डीएम का नगर क्षेत्र पर स्थलीय निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



निरीक्षण में मौजूद डीएम व नगर पालिका अध्यक्ष

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम कर्वी नगर क्षेत्र में विकास एवं सौंदर्यीकरण की योजनाओं के तहत जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने 30 जनवरी को विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने धनुष चौराहा (पुरानी बाजार, वार्ड संख्या-18), पुराना बस स्टैंड, पुरानी कोतवाली रामपुरी (वार्ड संख्या-20), धतूरा चौराहा से धनुष चौराहा तक का मार्ग (गांधीगंज, वार्ड संख्या-23) तथा अटल पार्क का भ्रमण कर वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान नगर क्षेत्र में रिक्त पड़ी भूमि का निरीक्षण करते हुए उनके भावी विकास एवं उपयोग की संभावनाओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने पुराने बस स्टैंड परिसर में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पुरानी कोतवाली परिसर के समुचित एवं नियोजित विकास हेतु भी योजना बनाकर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा गया। अटल पार्क में स्थित द्वितीय गेट को आमजन की सुविधा के लिए शीघ्र चालू कराने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को सभी प्रस्तावित कार्यों की समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण का उद्देश्य नगर के सुव्यवस्थित विकास, सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना बताया गया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने से चित्रकूटधाम कर्वी अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक स्वरूप में विकसित होगा।

### न्यायालय, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग एक मंच पर, चित्रकूट में जनकल्याण का संकल्प

**चित्रकूट।** जिले में न्याय और जनसेवा को नई धार देने की दिशा में 30 जनवरी को महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुक्रम में प्रस्तावित मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन को लेकर जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शेषमणि शुक्ला के निर्देशन में प्रथम अपर जिला जज व नोडल अधिकारी अनुराग कुरील द्वारा जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक आहूत की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने बताया कि बैठक में प्री-कैम्पों की प्रगति की समीक्षा की गई और विभिन्न प्रशासनिक विभागों द्वारा जनहित विषयों पर लगाए जा रहे शिविरों की जानकारी साझा की गई। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने भी संवेदनशील पहल करते हुए निर्बल एवं असहाय बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराई। 29 जनवरी को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिवरामपुर में 65 तथा 30 जनवरी को मानिकपुर में 57 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया, साथ ही सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देकर जनजागरूकता बढ़ाई गई।

# गाँव-गाँव पाँव-पाँव गूंजेगा बुंदेलखंड, राजा बुंदेला फिर भरेंगे पृथक राज्य की हुंकार

- महोबा से उठेगी राज्य की ललकार
- पृथक बुंदेलखंड को नई धार

**चित्रकूट।** पृथक बुंदेलखंड राज्य के सपने को जमीन से जोड़ने एक बार फिर फिल्म अभिनेता और आंदोलन के नायक राजा बुंदेला कमर कस चुके हैं। चौथे चरण में महोबा जिले के खरेला से 6 फरवरी को शुरू हो रही गाँव-गाँव पाँव-पाँव यात्रा बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के बैनर तले 11 फरवरी तक चलेगी, जिसमें जिले भर के कार्यकर्ता और कई संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह के अनुसार यह आंदोलन पहले चरण में ललितपुर, दूसरे में झांसी, तीसरे में जालौन की धरती पर गूंज चुका है और अब महोबा में अपनी नई लकीर खींचेगा। यात्रा 7 फरवरी को चरखारी, 8 को कुलपहाड़, 9 को श्रीनगर और 10 को आल्हा चौक पहुँचेगी, जबकि 11 फरवरी को महोबा नगर में भव्य रोड शो के साथ इसका समापन होगा। इसके बाद यात्रा बाँदा होते हुए धर्मनगरी चित्रकूट में अंतिम पड़ाव लेगी। इस जनांदोलन के दौरान ग्राम प्रधानों, बीडीसी, डीडीसी, नगर पंचायत और नगर पालिका के सभासदों से पृथक राज्य के समर्थन पत्र जुटाए जा रहे हैं, जिन्हें समूचे बुंदेलखंड से एकत्र कर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को सौंपा जाएगा। राजा बुंदेला के आह्वान पर बुंदेली सेना सहित अन्य संगठनों से भी आंदोलन में बढ़-चढ़कर सहभागिता की अपील की गई है।

# महात्मा गांधी पुण्यतिथि और गज्जू फौजी की याद में कांग्रेस ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश



विशेष आयोजन में मौजूद कांग्रेसी

**चित्रकूट।** 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला महासचिव विजय मणि त्रिपाठी के आवास पर विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला उपाध्यक्ष शिव गुलाम वर्मा एवं अनिल गुप्ता द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर हुई, जिसमें सभी कांग्रेस जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शिव गुलाम वर्मा ने महात्मा गांधी के बलिदान और उनके अहिंसात्मक संघर्ष को याद करते हुए कहा कि देश उनकी शहादत को कभी नहीं भुला सकता। जिला महासचिव विजय मणि त्रिपाठी ने गांधी जी को सत्य और अहिंसा के पुजारी बताते हुए उनके अद्वितीय योगदान को सम्मानित किया। इस बीच वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व प्रदेश सचिव गज्जू प्रसाद फौजी के आकस्मिक निधन की दुखद खबर ने सभी को स्तब्ध कर दिया। जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने गहरा दुःख प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस मौके पर कई वरिष्ठ नेता और जिला कांग्रेस के पदाधिकारी- रंजना बराती लाल पांडे, शिव गुलाम वर्मा, मनरेगा कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र सिंह, यमुना प्रसाद शुक्लाकृने शोक संवेदना व्यक्त की और गज्जू प्रसाद फौजी को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में भावपूर्ण माहौल के बीच कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी और वरिष्ठ नेता की यादों को एकजुट होकर सम्मान दिया।

# भारी संख्या में सड़कों पर प्रदर्शन करते सवर्ण






यूजीसी बिल के विरोध के डीएम को ज्ञापन देते सवर्ण

- यूजीसी बिल को बताया काला कानून
- राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया विरोध का ज्ञापन
- बिल वापस लो वरना तेज आंदोलन की चेतावनी

**चित्रकूट।** जिले में यूजीसी बिल के विरोध ने सोमवार को सड़कों पर सवर्ण समाज के आक्रोश को खुलकर सामने ला दिया, जब सवर्ण संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में हजारों लोग पटेल तिराहा पर एकत्र हुए और विशाल जुलूस के रूप में एलआईसी चौराहा, धनुष चौराहा, कचहरी होते हुए तहसील प्रांगण पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक इस काले कानून को वापस नहीं लिया जाता, संघर्ष थमेगा नहीं। नेताओं ने एक स्वर में कहा कि सभी संगठन माननीय सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं, लेकिन सरकार द्वारा अपनाई जा रही दोहरी राजनीति और सवर्ण समाज के साथ हो रहे कथित अत्याचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, सवर्ण आर्मी, भारत सवर्ण आर्मी, करनी सेना और विश्व हिंदू महा संघ सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारियों ने सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने का ऐलान किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रसंघ अध्यक्ष बाराती लाल पाण्डेय ने किया, जबकि महिला पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी ने आंदोलन को नई धार दी। पूरे प्रदर्शन में ह्लयूजीसी बिल वापस लोह्व के नारों ने प्रशासन और सरकार को स्पष्ट संदेश दे दिया कि सवर्ण समाज अब चुप बैठने वाला नहीं है। इस मौके पर करणी सेना एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष राजा सिंह परिहार, रवि सिंह बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती विनीता द्विवेदी, साधना सिंह, अरुण सिंह बघेल मिंटू सिंह, चित्रसेन सिंह बघेल, सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी विजय शुक्ला, संदीप द्विवेदी,बराती लाल पांडे, समेत अन्य मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के लिए जिले में छह पार्किंग व होल्डिंग स्थलों का चयन

- अवैध पार्किंग पर सीधे चालान

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी एवं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में 20 दिसंबर 2025 को आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा 14 जनवरी 2026 को जारी निर्देशों के अनुसार एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग एवं अन्य प्रमुख मार्गों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने तथा उनके सुरक्षित ठहराव के लिए होल्डिंग एरिया चिन्हित किए गए हैं। क्षेत्राधिकारी यातायात, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी द्वारा संयुक्त निरीक्षण एवं सर्वेक्षण के बाद जनपद में कुल छह पार्किंग एवं होल्डिंग स्थलों का चयन किया गया है। इनमें यूपीसीडा परिसर कलचिहा थाना बरगढ़, राजकीय पॉलिटेक्निक थाना बरगढ़, कर्वी-राजापुर मार्ग पर बाजपेई तिराहा के पास खाली भूमि, राजापुर-महेवा घाट मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप पैठ मैदान, बेड़ी पुलिया बांदा मार्ग पर गजेंद्र नाथ धर्म कांटा के सामने स्थित भूमि तथा पुलिस लाइन कर्वी के पास गेट नंबर 1 से गेट नंबर 2 तक की खाली भूमि शामिल है। इन स्थलों का उद्देश्य बस, ट्रक, टैक्सी, ऑटो रिक्शा, ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य वाहनों को निर्धारित स्थानों पर सुरक्षित रूप से खड़ा कराना है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। जिलाधिकारी ने वाहन स्वामियों और चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को केवल चिन्हित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें, क्योंकि सड़क किनारे वाहन खड़ा करना मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय है और उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# थाली में खीर, चेहरे पर मुस्कान- चित्रकूट के स्कूलों में तिथि भोजन की मिठास

- तिथि भोजन से बदला माहौल
- पीएम पोषण में जुड़ा अपनापन




तिथि भोजन का आनन्द लेते छात्रगण

**चित्रकूट।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में गुरुवार को पढ़ाई के साथ स्वाद और संवेदना का अनूठा संगम देखने को मिला, जब तिथि भोजन योजना के तहत बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि शासन एवं मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में 30 जनवरी को विकासखंड मानिकपुर और रामनगर के कई विद्यालयों में विशेष तिथि भोजन का आयोजन किया गया। गढ़चपा, ऐंचवारा, सेमरदहा, रामसेवक का पुरवा, सुअरगढ़ा, अमरचुरनेरूवा, रामपुर, रगौली, रेवाड़ी और चकभडेसर जैसे विद्यालयों में बच्चों को खीर जैसे स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। खास बात यह रही कि यह भोजन संभ्रांत नागरिकों, ग्रामवासियों और विद्यालय प्रबंध समितियों के सहयोग से कराया गया, जिससे कार्यक्रम सामाजिक सहभागिता का जीवंत उदाहरण बन गया। अब तक जनपद के 25 से 28 विद्यालयों में तिथि भोजन कराया जा चुका है और इसे निरंतर जारी रखने के निर्देश सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने अभिभावकों और ग्राम समाज से अपील की है कि वे आगे आकर पीएम पोषण योजना के अंतर्गत तिथि भोजन कराएं, ताकि बच्चों की थाली में केवल भोजन ही नहीं, अपनापन और प्रोत्साहन भी परोसा जा सके।

### मोबाइल से बात करना बना मौत की वजह, पिता को दस साल की कठोर सश्रम सजा

**चित्रकूट।** मोबाइल फोन से बात करना एक किशोरी के लिए मौत का कारण बन जाएगा, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। लेकिन संदेह, पितृसत्तात्मक सोच और हिंसा ने एक पिता को हत्यारा बना दिया। इटवा गांव की 17 वर्षीय नीतू की दर्दनाक मौत के मामले में न्यायालय ने आखिरकार इंसाफ की मुहर लगा दी है। दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने आरोपी पिता बवोचन को गैर इरादतन हत्या का दोषी मानते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 5,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि 12 जुलाई 2022 को सरैंया निवासी मैयादीन ने रैपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार उनकी भांजी नीतू देवी, जो मां की मृत्यु के बाद पिता बवोचन के साथ रहती थी, मोबाइल फोन को लेकर पिता के संदेह का शिकार थी। बवोचन ने मोबाइल से बात करने के शक में नीतू की डंडों से बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पिता फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि संदेह और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। यह फैसला सिर्फ सजा नहीं, समाज के लिए कड़ा संदेश भी है।

### बाल विवाह के खिलाफ बिगुल- चित्रकूट में 100 दिन का सामाजिक परिवर्तन अभियान

**चित्रकूट।** बाल विवाह जैसी गहरी सामाजिक कुरीति के खिलाफ चित्रकूट में बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान एक सशक्त जनांदोलन का रूप ले चुका है। 11 नवंबर को जिलाधिकारी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान ने प्रशासन, समाज और संस्थाओं को एक साझा मंच पर ला खड़ा किया है। थानों, तहसीलों, स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों, ग्राम पंचायतों, मंदिरों, टेंट हाउसों और ब्यूटी पार्लरों तक शपथ ग्रहण और जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई गई। अब तक 4,000 से अधिक गतिविधियों के माध्यम से करीब 5 लाख लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की गई, जबकि 6,517 नागरिकों ने ऑनलाइन शपथ ली। एनएफएचएस के अनुसार जहां जिले में 22 प्रतिशत बाल विवाह की स्थिति है, वहीं अभियान के बाद नवंबर 2025 से अब तक 15 बाल विवाह रोके जाना इसकी प्रभावशीलता का प्रमाण है। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के नेतृत्व में ओएससी, चाइल्डलाइन और हब फॉर एम्पावरमेंट की टीमों ने जमीनी स्तर पर मजबूत समन्वय दिखाया। यह अभियान अब केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा और सुरक्षित भविष्य की सामूहिक लड़ाई बन चुका है।

### घर-घर जागरूकता से टूटेगा कुष्ठ का डर, जिले में चला जन-जागरूकता महाअभियान

**चित्रकूट।** राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में पूज्य महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक जनपद चित्रकूट में स्वास्थ्य विभाग एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाएगा, जिसमें आशा कार्यकताओं के माध्यम से घर-घर पहुंचकर कुष्ठ रोग के प्रति फैली भ्रांतियों को तोड़ा जाएगा। अभियान के दौरान कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव और निःशुल्क उपचार की जानकारी दी जाएगी तथा लक्षणयुक्त संदिग्ध व्यक्तियों को निकटतम स्वास्थ्य इकाई में चिकित्सकीय पुष्टि हेतु भेजा जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने इस वर्ष की थीम- भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करें- को रेखांकित करते हुए बताया कि कुष्ठ छुआछूत की बीमारी नहीं है, यह ड्रापलेट से फैलता है और साथ काम करने, भोजन करने या बस-ट्रेन यात्रा से नहीं फैलता। समय पर इलाज, स्वच्छता और पौष्टिक आहार से मरीज 6 से 12 माह में पूर्णतः स्वस्थ हो सकता है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ संतोष कुमार ने कुष्ठ के प्रमुख लक्षण गिनाते हुए बताया कि जनपद में वर्तमान में 34 कुष्ठ मरीज हैं, जिनका नियमित उपचार व फॉलोअप किया जा रहा है। राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के समक्ष कुष्ठ मुक्त जनपद बनाने की सामूहिक प्रतिज्ञा भी ली गई।

# मानिकपुर में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम 100 किशोरियां दूसरी डोज से प्रतिरक्षित

अखंड भारत संदेश



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**चित्रकूट।** 30 जनवरी को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मानिकपुर में 09 से 14 वर्ष आयु वर्ग की 100 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन की दूसरी खुराक दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद चित्रकूट के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर सहित एनल, पेनाइल, ओरॉफैरिंजियल, मुंह, योनि और वल्वा से संबंधित कैंसरों से बचाव में सहायक है। टीकाकरण के बाद शरीर में एंटीबॉडी विकसित होती हैं, जो भविष्य में होने वाले संक्रमण को रोकने में मदद करती हैं और इसकी सुरक्षा लंबे समय तक प्रभावी रहती है। यह वैक्सीन प्रतिरक्षा प्रणाली को वायरस के कमजोर रूप के माध्यम से तैयार करती है, जिससे वास्तविक संक्रमण की स्थिति में शरीर प्रतिक्रिया कर सके। अधिकारियों के अनुसार यह वैक्सीन सुरक्षित है और इसके कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पाए गए हैं। निजी संस्थान के सहयोग से यह टीकाकरण पूर्णतः निःशुल्क कराया गया। उल्लेखनीय है कि एचपीवी टीकाकरण की पहली खुराक 08 मई 2025 को तथा दूसरी खुराक 30 जनवरी को दी गई।

## बलखड़िया गैंग की धमकियों पर अदालत ने 13 वर्ष बाद सुनाई तीन साल की जेल

**चित्रकूट।** कर्वी-पुरानी बाजार निवासी भाजपा नेता रविप्रकाश त्रिपाठी की शिकायत पर घुरेटनपुर गांव में मण्डी समिति बांदा के निर्माण कार्य के दौरान चौथ वसूली और धमकाने के मामले में विशेष न्यायधीश नीरज श्रीवास्तव ने फैसला सुनाया। अदालत ने आरोपी भगवानदास पटेल को तीन वर्ष सश्रम कारावास और 5,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। आरोप के अनुसार, दिसंबर 2012 से भगवानदास और दस्यु सरगना स्वदेश पटेल उर्फ बलखड़िया ने निर्माण कार्य में हस्तक्षेप किया और मोबाइल पर धमकियां दीं। उन्होंने ठेकेदारों को चेतावनी दी कि कार्य जारी रखने पर उन्हें जान का खतरा होगा और कुल लागत का पांच प्रतिशत- लगभग 10 लाख रुपये- चुकाना होगा। धमकियों के बावजूद पुलिस सुरक्षा में निर्माण कार्य पूरा कराया गया। बाद में पुलिस मुठभेड़ में बलखड़िया की मौत हो गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलों के बाद अदालत ने दोष सिद्ध होने पर भगवानदास को सजा सुनाई। बताया कि यह निर्णय भ्रष्टाचार और दस्यु गतिविधियों के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई का संदेश है।

## मत्स्य क्रांति की दस्तक, बरिया गांव में लगेगा प्रधानमंत्री योजना का विशेष शिविर


**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना के तहत मछुवारों की तकदीर बदलने की तैयारी है। सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने बताया कि नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट पोर्टल (एनएफडीपी) पर पंजीकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन 31 जनवरी को ग्राम बरिया (निकट मध्याकार आरएएस), ब्लॉक रामनगर, तहसील मऊ, जनपद चित्रकूट में पूर्वाह्न 10 बजे से किया जाएगा। इस शिविर में मछुवारे, नाविक, मत्स्याखेटक, मत्स्य समितियां, ग्राम समाज के पट्टाधारक व मत्स्य व्यवसायी पंजीकरण कराकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। शिविर का उद्देश्य आय बढ़ाना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

# बांग्लादेश का नया ड्रामा शुरू, भारत से तोड़ेगा सबसे बड़ा समझौता

**बांग्लादेश**

**12 फरवरी** के आम चुनाव से ठीक पहले बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल अचानक से गरमा गया है। भी बॉयकॉट इंडिया कभी अडानी पावर पर जांच तो कभी भारत से बड़ा सरकारी प्रोजेक्ट छीना गया। ऐसे में सवाल यह है कि क्या बांग्लादेश भारत के साथ 25 साल का पावर कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने की तैयारी में है या फिर यह सब चुनाव से पहले जनता का ध्यान भटकाने की नीति है? दरअसल, इस समय बांग्लादेश की राजनीति पूरी तरह उथल-पुथल में है। अगस्त 2025 के जन आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार सत्ता से बाहर हो गई। नई सत्ता व्यवस्था आई और चुनावी माहौल बन गया और इसी बीच भारत को टारगेट बनाना शुरू कर दिया गया। शेख हसीना को भारत का करीबी माना जाता था। उनके कार्यकाल में ही भारत बांग्लादेश के बीच कई बड़े समझौते हुए। चाहे वो पावर डील हो, इंडस्ट्रियल जोन हो या फिर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट। अब नई सत्ता के लिए सबसे आसान रास्ता है पुराने समझौतों को देश के खिलाफ बता देना।

बांग्लादेश सरकार की एक उच्च स्तरीय जांच समिति जिसका नाम एनआरसी है। उसने इस डील पर बेहद गंभीर आरोप लगाए। आरोप क्या है? यह भी जान लीजिए। आरोप यह है कि डील में भारतीय अनियमितताएं हैं। बिजली की कीमत जरूरत से करीब 50% ज्यादा है। हर साल करोड़ डॉलर का नुकसान है। कॉर्पोरेट टैक्स का बोझ भी बांग्लादेश पर है। एनआरसी का दावा है कि यह सिर्फ गलत फैसले नहीं बल्कि सिस्टमैटिक मिलीभगत का मामला हो सकता है। अब फैक्ट समझना भी जरूरी है क्योंकि झारखंड के गोडा में अडानी



का कोयला आधारित पावर प्लांट है। लागत करीब $ अरब डॉलर है। 2024 से पूरी तरह चालू है। बांग्लादेश की कुल बिजली की जरूरत 7 से 10% सप्लाई की है। बांग्लादेश की आबादी भी 17 करोड़ है। लगभग कुल बेस लोड मांग 13 गीगावाट का है। यानी सप्लाई अहम है। लेकिन सवाल उठ रहा है कीमत पर। एनआरसी रिपोर्ट के अनुसार अडानी से ली जा रही बिजली प्रति यूनिट 4 से 5 सेंट महंगी है।

इस 25 साल के कॉन्ट्रैक्ट में बांग्लादेश हर साल अडानी को करीब $1 अरब डॉलर देता है। सिर्फ 2024-25 में बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड को 4.13 अरब डॉलर का घाटा हुआ है। सबसे बड़ा आरोप है कि अडानी ने भारतीय कॉर्पोरेट टैक्स भी टेरिफ में जोड़ दिया है।

जांच समिति ने कहा अडानी की कीमत अपने सबसे नजदीकी प्राइवेट कंपटीटर से भी 39.7% ज्यादा है। यह डील सभी क्रॉस बॉर्डर पावर डील्स में आउट लॉयर बताई गई है। कोयले की कीमत भी जरूरत से ज्यादा दिखाई गई है जिससे टेरिफ और बढ़ा है। अडानी पावर ने हालांकि इसका जवाब देते हुए साफ कहा कि रिपोर्ट की कॉपी अभी तक नहीं मिली है। जांच में कंपनी से कोई सलाह नहीं ली गई थी।

## पाकिस्तान की सेना में बड़ा बदलाव किया जा रहा है: आसिम मुनीर



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तानी** रक्षा बलों के प्रमुख (सीडीएफ) फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान की सेना कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव से गुजर रही है। मुनीर ने दोहराया कि वे देश की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हर तरह के खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

सेना द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुनीर ने बहावलपुर छावनी के दौरे के दौरान ये टिप्पणियां कीं। इस दौरान उन्हें कोर के विभिन्न परिचालन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें बहु-आयामी युद्ध की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया। सैनिकों को संबोधित करते हुए मुनीर ने उनके उच्च मनोबल, पेशेवर दक्षता और परिचालन तत्परता की सराहना की। पाकिस्तानी सेना के भी प्रमुख मुनीर ने इस बात की पुष्टि की कि सशस्त्र बल पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हर तरह के खतरों के खिलाफ पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने भविष्य के युद्धक्षेत्र और सुरक्षा चुनौतियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिकतम तत्परता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सेना ने कहा, सीडीएफ और सेना प्रमुख ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पाकिस्तानी सशस्त्र बल कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यभविष्य में तकनीकी रणनीति भौतिक सैन्य गतिविधियों का स्थान लेंगी और आक्रामक एवं रक्षात्मक अभियानों को अंजाम देने के तरीके में मौलिक परिवर्तन आएगा।

इसलिए, पाकिस्तानी सशस्त्र बल तेजी से प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं और आत्मसात कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में नवाचार, स्वदेशीकरण और अनुकूलन मूल आधार बने रहेंगे।

मुनीर ने खैरपुर तमेवाली में आयोजित उच्च-तीव्रता वाले मैदानी अभ्यास ह्यदृढ़ संकल्पह्ण का भी अवलोकन किया जिसमें मानवरहित हवाई प्रणाली, उन्नत निगरानी उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण और आधुनिक कमान एवं नियंत्रण तंत्र जैसी विशिष्ट तकनीकों का एकीकरण शामिल था।

## अमेरिका में वेनेजुएला के नागरिकों को मिले कानूनी संरक्षण को समाप्त करना अवैध था

**अमेरिका**

**अमेरिका** की एक संघीय अपीलीय अदालत ने बुधवार को फैसला दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा देश में वेनेजुएला के हजारों नागरिकों को निवास और काम करने की अनुमति देने वाले कानूनी उपायों को समाप्त किया जाना गैरकानूनी था।

यहां नौवीं अमेरिकी सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने निचली अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें कहा गया था कि गृहमंत्री क्रिस्टी नोएम ने वेनेजुएला के लोगों को संरक्षण देने की अस्थायी व्यवस्था को समाप्त करके अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया था।

हालांकि, इस फैसले का तत्काल कोई व्यावहारिक



असर नहीं होगा क्योंकि अक्टूबर में अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने अंतिम निर्णय आने तक नोएम के फैसले को प्रभावी रखने की अनुमति दे दी थी। गृह मंत्रालय से फैसले पर ई-मेल भेजकर मांगी गई प्रतिक्रिया का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला।

## क्या ट्रंप के खिलाफ बन रहा है नया Global Alliance? EU-Canada ने भारत के साथ की मेगा डील

**अमेरिका**

**जिन** देशों की अर्थव्यवस्थाएं दशकों से अमेरिका पर निर्भर रही हैं, वे व्हाइट हाउस में लगातार अविश्वसनीय और शत्रुतापूर्ण होते जा रहे ट्रंप के साथ कैसे तालमेल बिठा पाएंगे? ट्रंप द्वारा पैदा की गई उथल-पुथल के बीच यह सवाल कई लोगों के लिए अरबों डॉलर का सवाल बना हुआ है। ट्रंप की टकरावपूर्ण कूटनीति और टैरिफ को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की रणनीति ने सहयोगियों को उनसे दूर कर दिया है। इस सवाल का सटीक जवाब, या कहें करारा जवाब, यूरोप और कनाडा ने इस सप्ताह दिया, जब दोनों ने अपने निर्यात में विविधता लाने के लिए एक अधिक विश्वसनीय और स्थिर साझेदार की ओर रुख किया। उनका पहला पड़ाव भारत था। भारत के साथ "व्यापार का सबसे बड़ा समझौता" करने वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के कड़े प्रहार से ट्रंप को करारा झटका लगा है, और अब उन्हें कड़वी सच्चाई का एहसास होना ही चाहिए। उनकी कठोर व्यापारिक नीतियों और दंडात्मक टैरिफ ने वैश्विक आर्थिक गठबंधनों में हो रहे तीव्र बदलाव के बीच अमेरिका को एक असहज स्थिति में डाल दिया है।




दरअसल, भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की टिप्पणियों से पता चलता है कि अमेरिका अब खुद को तेजी से अलग-थलग महसूस कर रहा था। उन्होंने कोई आक्रामक बयानबाजी नहीं की, बल्कि सिर्फ निराशा व्यक्त की। मुझे यूरोपियन बेहद निराशाजनक लगे। बेसेंट ने सीएनबीसी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि यूरोपियन हमारे साथ जुड़ने को तैयार नहीं थे... क्योंकि वे यह व्यापार समझौता करना चाहते थे।" ट्रंप के शीर्ष सहयोगी ने यूरोप पर यूक्रेन युद्ध से ऊपर व्यापारिक हितों को रखने का भी आरोप लगाया, जिसमें उन्होंने भारत के रूस के साथ घनिष्ठ संबंधों और रूस से तेल की खरीद का जिक्र किया। हालांकि, बेसेन्ट ने कड़वी सच्चाई को नजरअंदाज कर दिया है। कोई भी किसी के दबाव में रहना और एक अनिश्चित साझेदार पर निर्भर रहना पसंद नहीं करता। यह अविश्वास और ग्रीनलैंड अधिग्रहण मुद्दे पर ट्रंप की धमकियाँ यूरोपीय संघ के लिए भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का एक प्रमुख कारण प्रतीत होती हैं, जिस पर लगभग दो दशकों से बातचीत चल रही थी। दक्षिण एशियाई भू-राजनीतिक विशेषज्ञ माइकल कुगेलमैन ने ट्वीट किया ट्रम्प फैक्टर ने वर्षों की बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप देने में स्पष्ट रूप से मदद की। यह सिर्फ अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने से कहीं अधिक है।

## बांग्लादेश में भारत के यार्न ने घुसकर किया खेल, युनूस राज में टेक्सटाइल मिल्स बंद

**बांग्लादेश**

**जिस** बांग्लादेश को दुनिया रेडीमेड गारमेंट का हब मानती थी आज उसी बांग्लादेश की टेक्सटाइल और स्प्रिंग इंडस्ट्री पूरी तरह ठप होने की कगार पर है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि बांग्लादेश टेक्सटाइल्स मिल्स एसोसिएशन खुद कह रही है कि 1 फरवरी से देश की लगभग सारी स्पिनिंग मिल्स अनिश्चित समय के लिए बंद कर दी जाएंगी और सबसे चौंकाने वाली बात इसके पीछे कहीं ना कहीं भारत की ताकत और रणनीति सबसे बड़ा फैक्टर बनकर उभरी है। पहले जरा बेसिक समझिए। बांग्लादेश की पूरी गारमेंट इंडस्ट्री तीन स्टेप में चलती है। पहला है कपास, दूसरा है यान यानी कि धागा और तीसरा है कपड़े। स्पिनिंग मिल्स ही वो जगह



है जहां कपास से यान बनता है और यही यान आगे चलकर शर्ट, टीशर्ट, पैंट, जैकेट में बदलता है।

सीधी भाषा में कहें तो अगर स्पिनिंग मिल्स रुकी तो पूरी गारमेंट इंडस्ट्री अपने आप लड़खड़ा जाती है और आज बांग्लादेश ठीक उसी मोड़ पर खड़ा है। अब सवाल उठता है इतनी बड़ी इंडस्ट्री अचानक इस हालात में कैसे पहुंच गई? इसका जवाब छुपा है बांग्लादेश सरकार की उन नीतियों में जिन्हें कुछ महीनों पहले तक मोहम्मद यूनुस की जादुई स्ट्रेटजी बताया जा रहा था। लेकिन आज वही नीतियां इंडस्ट्री के लिए सिरदर्द बन चुकी हैं। कुछ महीने पहले बांग्लादेश सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया। रेडीमेड गारमेंट एक्सपोर्ट करने वाली कंपनियों को ड्यूटी फ्री यान इंपोर्ट की इजाजत दे दी गई। मतलब जो कंपनियां कपड़े बनाकर विदेश भेजती हैं, वह बिना टैक्स दिए बाहर से यान मंगा सकती हैं। सुनने में यह फैसला एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए शानदार लग रहा था, लेकिन यहीं से खेल पूरी तरह पलट गया। अब यहां भारत की एंट्री होती है। भारत दुनिया के सबसे बड़े कॉटन यान प्रोड्यूसर्स में से एक है।

## मस्जिदों से होने लगा ऐलान, भाग रहे मुसलमान, पाकिस्तानियों को 'घर निकाला'

**पाकिस्तान**

**सुबह-सुबह** मस्जिद से ऐलान हुआ कि लोग अपने बच्चों और बुजुर्गों को साथ लेकर अपने घरों को खाली कर दें। ऐसा होने की देर थी कि खैबर पख्तूनखा की तराह वैली में हड़कंप मच गया। जो जितना सामान समेट सकता था समेटा और सुरक्षित जगह की तलाश में निकल पड़ा। भारी बर्फबारी के बीच बच्चों और बुजुर्गों के साथ घर बार छोड़ना कतई आसान नहीं था।

पाकिस्तान में रोना धोना कम ही नहीं होता और अब पाकिस्तान में



मस्जिदों के लाउडस्कर से एक ऐलान हुआ है और मुसलमानों में खलबली मच गई है। आननफानन में लोगों ने जरूरी सामान समेटा और महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों के साथ घर छोड़ दिया। भारी बर्फबारी और हांड कपा देने वाली ठंड में लोग सड़कों पर रात बिताने के लिए मजबूर हैं। लेकिन फरमान आसिम मुनीर की ओर से जारी हुआ है। लिहाजा मानना मजबूरी है। सुबह-सुबह मस्जिद से ऐलान हुआ कि लोग अपने बच्चों और बुजुर्गों को साथ लेकर अपने घरों को खाली कर दें। ऐसा होने की देर थी कि खैबर पख्तूनखा की तराह वैली में हड़कंप मच गया। जो जितना सामान समेट सकता था समेटा और सुरक्षित जगह की तलाश में निकल पड़ा। भारी बर्फबारी के बीच बच्चों और बुजुर्गों के साथ घर बार छोड़ना कतई आसान नहीं था।

लेकिन कोई चारा भी तो नहीं था। फरमान जारी हुआ था तो घर तो छोड़ना ही था। भले ही रास्ते में कितने भी मुश्किलात क्यों ना हो। यह लोग टीटीपी की बात कर रहे हैं। उस मिलिट्री ऑपरेशन की बात कर रहे हैं जो पाकिस्तान टीटीपी के आतंकियों के खिलाफ शुरू करने वाला है। इसी मिलिट्री ऑपरेशन के चलते मुनीर ने तराह घाटी के लोगों को अपना घर बार छोड़ देने का हुक्म सुनाया है। दरअसल टीटीपी ने मुनीर की नाक में दम कर रखा है। जब से अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान के रिश्तों में तल्खी आई है। टीटीपी के आतंकी लगातार पाकिस्तानी सेना को निशाना बना रहे हैं। जिससे बौखलाए मुनीर ने अपनी टीपी के खिलाफ बड़े सैन्य ऑपरेशन का ऐलान कर दिया है। जिसका खामियाजा उसके अपनों को ही भुगतना पड़ रहा है। सिराह वैली के 70,000 से ज्यादा लोगों को भारी बर्फबारी के बीच अपना घर बार छोड़ना पड़ गया है।

टीटीपी ने सिराह घाटी के आसपास अपनी जड़े जमा रखी हैं।

खैबर के इसी इलाके से उसके लड़ाके पाकिस्तानी सेना को आए दिन निशाना बनाते हैं। तिराह घाटी की बात करें तो यह खैबर पख्तूरखा के खैबर जिले में स्थित एक रणनीतिक और संवेदनशील इलाका है। यह घाटी पाकिस्तान, अफगानिस्तान बॉर्डर के बेहद करीब है और ऐतिहासिक रूप से खैबर दर्रे से जुड़ी है। तिराहा घाटी सदियों से सैन्य, व्यापारिक और सामरिक दृष्टि से बेहद अहम मानी जाती है।

## ट्रंप ने ईरान पर हमले की धमकी दी

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले की धमकी दी। यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने के बारे में ट्रंप क्या निर्णय लेंगे, क्योंकि उन्होंने दो स्पष्ट लक्ष्मण रेखाएं निर्धारित की हैं- एक, शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या और दूसरी, हिरासत में लिये गए लोगों को बड़े पैमाने पर फांसी दिए जाने की आशंका।

सामाजिक कार्यकताओं ने बुधवार को बताया कि ईरान में प्रदर्शनकारियों पर की गई हिंसक कार्रवाई में कम से कम 6,221 लोग मारे गए हैं तथा कई और लोगों के मारे जाने की आशंका है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर लिखा, उम्मीद है कि ईरान जल्द ही बातचीत के लिए आगे आएगा और एक निष्पक्ष एवं न्यायसंगत समझौता करेगा, एक ऐसा समझौता जो सभी पक्षों के लिए अच्छा हो।

उन्होंने कहा, समय तेजी से बीत रहा है और यह वाकई बेहद महत्वपूर्ण है। ईरान पर जून में हुए हमलों का जिक्र करते हुए ट्रंप ने लिखा, अगला हमला इससे कहीं ज्यादा खतरनाक होगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# फ्रांस ने निकाल फेंकी अमेरिकी कंपनी, अपनाया स्वदेशी

**फ्रांस**

**फ्रांस** में सांसद कह रहे हैं नाटो छोड़ो ब्रिटेन अमेरिका की डिफेंस कंपनियों की जांच कर रहा है। यूरोप कह रहा है कि हमें यूएस की जरूरत ही क्या है? मतलब साफ है यूरोप अब अमेरिका की छाया से बाहर निकलना चाहता है। दरअसल फ्रांस के अंदर इस समय पार्लियामेंट लेवल पर खुली बहस चल रही है। मांग क्या है? मांग यह है कि एक ऐसा कानून लाया जाए जिससे फ्रांस नाटो से पूरी तरह पुल आउट कर सके। तर्क बेहद सीधा है। हमारी सुरक्षा, हमारी डिफेंस और हमारी रणनीति सब कुछ हम खुद तय करेंगे। अमेरिका नहीं। फ्रांस का कहना है कि हम डिफेंस के मामले में पूरी तरह स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी चाहते हैं। अब बात सिर्फ नाटो की नहीं रह गई। फ्रांस ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। फ्रांसीसी सेना और डिफेंस कॉम्प्लेक्स से अमेरिकी सॉफ्टवेयर हटाए गए। द्व१ङ्क२ङ्का३ और अन्य यूएस टेक कंपनियां सरकारी संस्थानों से बाहर कर दिए गए। उनकी जगह फ्रेंच इंडीजीनियस सॉफ्टवेयर लगाए गए। मतलब जो काम भारत डिजिटल संप्रभुता के नाम पर कर रहा था वही अब यूरोप भी कर रहा है। अब आइए ब्रिटेन व ब्रिटेन ने भी अमेरिका को सीधा संदेश दे दिया है। अमेरिकी डिफेंस सॉफ्टवेयर कंपनी पैंटर जिसे हाल ही में बड़े कांटेक्ट मिले थे।

यूएस पार्लियामेंट की ऑल पार्टी कमेटी इन कांटेक्ट्स की जांच कर रही है। सिर्फ एक ही सॉफ्टवेयर नहीं अमेरिका से खरीदे गए हथियार, डिफेंस सिस्टम सब पर जांच शुरू हो चुकी है। रिपोर्ट कहती



है कि आने वाले समय में कई कॉन्ट्रैक्ट कैंसिल हो सकते हैं। अब सबसे बड़ा और सबसे खतरनाक मुद्दा पूरे यूरोप में चर्चा चल रही है। नाटो खत्म करो, यूरोपियन आर्मी बनाओ। तर्क क्या है? तर्क यह है कि फ्रांस के पास न्यूक्लियर वेपन है, ब्रिटेन के पास न्यूक्लियर वेपन है। इसके अलावा यूरोप के पास न्यूक्लियर सबमरींस है, एडवांस एयरफोर्स है और वर्ल्ड क्लास आर्म कंपनीज हैं। तो सवाल उठ रहा है कि हमें अमेरिका की जरूरत ही क्या है? यूरोप कह रहा है कि हम अपनी सुरक्षा खुद कर सकते हैं। अमेरिकी फौजों को अपने देश से बाहर करो। अमेरिका कितना घबराया गया है। नाटो चीफ मार्क रूटे का बयान आया। यूरोप अमेरिका के बिना कुछ नहीं कर सकता है। यूरोप अपनी सुरक्षा खुद तय कर सकता है।

मतलब 70 से 80 साल पुराना डर फिर से दिखाया जा रहा है। अमेरिका के बिना तुम असहाय हो। यह कहना है मार्क लूटे का। इसके अलावा उन्होंने कहा नाटो से बाहर मत निकलना। यूरोपियन आर्मी सिर्फ सपना है। और अब सुनिए फ्रांस का जवाब नाटो चीफ को। फ्रांस ने कहा यूरोप हजारों साल पुरानी सभ्यता है। नाटो कुछ दशकों पुरान संगठन है। फ्रांस ने नाटो को 1966 की याद दिलाई। 1966 से 2009 तक 43 साल फ्रांस नाटो से बाहर रहा।

उस समय सोवरन यूनियन था। कोल्ड वॉर चरम पर थी। फिर भी फ्रांस ने अपनी सुरक्षा खुद की किसी अमेरिका की जरूरत नहीं पड़ी। फ्रांस ने साफ कहा हमने पहले भी किया है। आगे भी कर सकते हैं और इस बार पूरा यूरोप साथ है। इस पूरे घटनाक्रम की जड़ में एक ही नाम डोनाल्ड ट्रंप है। पिछले एक साल में नाटो को खुलेआम धमकाया ट्रंप ने।